RNI N.- BIHBIL/2022/88070 राष्ट्रीय द्विभाषिक सामाचार पत्र www.bordernewsmirror.com

# बॉर्डर न्यूज मिरर

"खबरों से समझौता नहीं"



पटना, वर्षः 7 , अंकः 143 , सोमवार, 06 जुलाई 2026 मूल्यः 5:00, पृष्ठः8 9471060219, 9470050309 www.bordernewsmirror@gmail.com



गोविंदापुर में खुलेगा आधुनिक शिक्षण संस्थान, प्रबंधन समिति का होगा गठन 03


लॉयंस क्लब के 'जीरिएट्रीक क्लीनिक' में 65 बुजुर्गों की हुई निःशुल्क जांच 04

आवारापन 2 का टीजर हुआ जारी इमरान हाशमी की गैंगस्टर शिवम... 07


संक्षिप्त समाचार

## मुझे रोकना है तो पहले मारना पड़ेगा

- ममता बनर्जी बोलीं-गद्दारी की भी एक सीमा होती है

**कोलकाता (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में हार के बाद तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) में जारी बगावत के बीच ममता बनर्जी ने कहा कि पार्टी का चुनाव चिह्न कहीं नहीं जाएगा। अगर मुझे रोकना है तो मुझे मारना पड़ेगा। ममता ने



बागी नेताओं को चुनौती देते हुए कहा, 'अगर हिम्मत है तो खुलकर बीजेपी में शामिल हो जाओ। तुम्हें क्या लगता है कि मैं खत्म हो गई हूं। मैं जनता के बीच पार्टी का चुनाव चिह्न लेकर जाऊंगी, मेरी आवाज कोई नहीं दबा सकता।' उन्होंने आरोप लगाया कि बागी नेता अब खुलकर बीजेपी के लिए काम कर रहे हैं। ममता ने कहा, 'गद्दारी की भी एक सीमा होती है।' ममता का यह बयान ऐसे समय आया है, जब पार्टी के 20 सांसद और 58 विधायक अलग गुट बना चुके हैं। शनिवार को टीएमसी की पश्चिम बंगाल अध्यक्ष चंद्रिमा भट्टाचार्य ने भी अपने पद से इस्तीफा दे दिया। बाद में वह बागी गुट के नेता और विधानसभा में विपक्ष के नेता ऋतब्रत बनर्जी के साथ नजर आईं। ममता का साथ छोड़कर अलग हुए बागी विधायक और सांसद फिलहाल भाजपा में शामिल नहीं हुए हैं।

## हांगकांग एयरपोर्ट पर फंस गया एक भारतीय परिवार

- आंध्र प्रदेश के मंत्री लोकेश ने विदेश मंत्री जयशंकर से की मदद की अपील

**अमरावती (एजेंसी)।** आंध्र प्रदेश के मानव संसाधन विकास और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री नारा लोकेश ने रविवार को विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर से हांगकांग एयरपोर्ट पर फंसे एक तेलुगु परिवार की तुरंत मदद करने की अपील



की। तेलुगु परिवार का पासपोर्ट खो गया था। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू के बेटे और मानव संसाधन विकास और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री नारा लोकेश ने रविवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर विदेश मंत्री से अपील की। राजेश्वरी बोला नाम की एक महिला ने सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री लोकेश को सोशल मीडिया पर टैग करके उनसे मदद मांगी। इसके बाद, उन्होंने विदेश मंत्री एस जयशंकर से मदद मांगी।

## दत्तात्रेय होसबाले के बयान से पूरी तरह सहमत हूं

- राम मंदिर चढ़ावा चोरी पर आया मोहन भागवत का बयान

**नागपुर (एजेंसी)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने रविवार को कहा कि वह राम मंदिर चंदे के मामले पर संघ के महासचिव दत्तात्रेय होसबाले की बात से सहमत हैं। नागपुर में पत्रकारों से बात करते हुए भागवत ने कहा, होसबाले जी का बयान देखिए... मेरी भी वही प्रतिक्रिया है। आरएसएस प्रमुख ने यह प्रतिक्रिया



एक कार्यक्रम के दौरान दी, जब उनसे राम मंदिर चंदे में हेराफेरी के विवाद पर उनकी राय पूछी गई। शुक्रवार को एक बयान में होसबाले ने कहा कि अयोध्या में राम मंदिर में कथित दान चोरी ने पूरे समाज की भावनाओं और आस्था को गहरा ठेस पहुंचाई है और यह पक्का करने की मांग की कि जांच के बाद जो भी दोषी पाया जाए उसे कड़ी सजा मिले। उन्होंने जोर देकर कहा कि हिंदू-विरोधी और देश-विरोधी ताकतें इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना का फायदा उठाकर हिंदू धर्म को बदनाम करने की कोशिश कर रही हैं और हिंदू समाज से इस मुश्किल समय में ऐसी साजिशों को नाकाम करने के लिए जरूरी सब्र और संयम दिखाने को कहा।

# घाटी में बड़ी सफलता, 2 आतंकी ढेर

**शोपियां (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर के शोपियां के सैदपोरा इलाके में शनिवार शाम से चल रही मुठभेड़ में लश्कर के 2 आतंकियों के मारे जाने की खबर है। सुरक्षाबलों ने इसकी पुष्टि नहीं की है। हालांकि कुछ मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक मारे गए दोनों आतंकी लश्कर-ए-तैयबा के टॉप ऑपरेटिव थे। एक आतंकी जाकिर अहमद गनी उन 14 आतंकियों की लिस्ट में शामिल था, जिसे पहलगाम हमले के बाद खुफिया एजेंसियों ने जारी किया था। दूसरा आतंकी जाकिर का साथी लतीफ भट है। सुरक्षाबलों को शोपियां के सैदपोरा पायीन के पास छानपोरा इलाके में आतंकियों के छिपे होने की खबर मिली थी। घेराबंदी के दौरान जब जवान आतंकियों के ठिकाने के करीब पहुंचे तो उन्होंने फायरिंग कर दी। मुठभेड़ 4 जुलाई की शाम 7.45 बजे शुरू हुई थी। अंधेरे के कारण एनकाउंटर और सर्च ऑपरेशन रात में रोक दिया गया था। अभी तक आतंकियों के शव भी बरामद नहीं हुए हैं।

### एक पहलगाम हमले के बाद बनी हिट लिस्ट में शामिल था; शोपियां में 3 घंटे चला एनकाउंटर



### दावा-कुलगाम का रहने वाला था जाकिर

सूत्रों के मुताबिक, कुलगाम के मुतलहम गांव के रहने वाले जाकिर अहमद गनी को सुरक्षा बलों ने कल दक्षिण कश्मीर के जिलों में दूसरे आतंकवादियों के साथ ट्रैक किया था। जाकिर का नाम पाकिस्तान से जुड़े कई आतंकी हमलों से भी जुड़ा था।

### 14 लोकल आतंकियों में 9 मारे गए, अब 5 की तलाश

अगर जाकिर गनी की मौत की पुष्टि हो जाती है तो 9वां आतंकी होगा, जिसे सुरक्षाबलों ने मार गिराया है। जिन 14 आतंकियों की लिस्ट जारी की थी, जाकिर गनी को मिलाकर उनमें से अब तक 9 मारे जा चुके हैं। 6 आतंकी मई 2025 में शोपियां और पुलवामा में एनकाउंटर के दौरान मारे गए थे।

### आतंकी दिखे तो 4 गांव खाली कराए

यह ऑपरेशन शुक्रवार दोपहर को शुरू किया गया था, जब सात गांव वाले मीमंदर इलाके के एक बाग में लगे सेना के कैमरे में ये दो आतंकी दिखाई दिए। सेना, जम्मू-कश्मीर पुलिस और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की कई टुकड़ियों की टीम ने इलाके की घेराबंदी की और शाम तक 4 गांव खाली करा लिए। सेना की खास एंटी टेररिज्म यूनिट, 'विक्टर फोर्स' ने बाग के घने पेड़ों के बीच से भागने के सभी संभावित रास्तों को बंद करने के लिए अतिरिक्त जवान तैनात किए और इलाके में रोशनी का इंतजाम भी किया। जब सेना के जवान उनकी ओर बढ़े तो उन्होंने गोलीबारी शुरू कर दी, जिसके जवाब में सेना ने भी प्रभावी ढंग से जवाबी कार्रवाई की और मुठभेड़ शुरू हो गई।

# मिशन यूपी फतह की तैयारी में जुटी बीजेपी

- ब्रजेश पाठक के घर लंच पर पहुंचे योगी-नितिन नवीन
- केशव भी मौजूद, सभी ने साथ में बैठकर आम खाया



**लखनऊ (एजेंसी)।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन रविवार दोपहर 2 बजे लंच के लिए डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक के घर पहुंचे। उनके साथ सीएम योगी, डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य और यूपी भाजपा अध्यक्ष पंकज चौधरी भी पहुंचे। ब्रजेश पाठक खुद प्लेट में आम लेकर पहुंचे। फिर चारपाई पर साथ बैठकर सभी ने आम खाया। इससे पहले, नितिन नवीन ने छह के सहयोगी दलों के नेताओं से मुलाकात की। निषाद पार्टी अध्यक्ष संजय निषाद, सुभासपा प्रमुख ओम प्रकाश राजभर, अपना दल (एस) की प्रमुख अनुप्रिया पटेल के पति आशीष पटेल और रालोद महासचिव त्रिलोक त्यागी से 10-10 मिनट बातचीत की। मीटिंग के बाद संजय निषाद, राजभर और आशीष पटेल ने बताया कि सीट बंटवारे पर कोई चर्चा नहीं हुई। 2027 का चुनाव कैसे जीता जाए, इस पर नितिन नवीन ने चर्चा की। भाजपा नेता अपर्णा यादव ने भी नितिन नवीन से मुलाकात की। नितिन नवीन ने उनके पति प्रतीक यादव के निधन पर दुख जताया। इससे पहले, नितिन नवीन ने भाजपा के पूर्व अध्यक्षों के साथ बैठक की।

### योगीजी के डर से गुंडे-माफिया लुप्प लुप्प कर रहे

डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कहा- 2017 से पहले यूपी में गुंडाराज था। बहू-बेटी की इज्जत, आबरू खतरे में थी। अब कोई माफिया बचा है क्या। जब हम लोग छोटे थे, तो शोले पिक्चर देखकर चर्चा होती थी, सो जाओ नहीं तो गब्बर आ जाएगा। आज गुंडा-माफिया अपने घर में लुप्प, लुप्प कर रहे हैं। उन्हें डर है कि योगी जी आ जाएंगे। सीएम योगी ने यूपी में कानून राज स्थापित किया है। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कार्यकर्ताओं से कहा- मोदी जी कहते हैं कि देश में चार जातिया हैं। गरीब, महिला, किसान, युवा।

# बारिश ने दिखाया रौद्र रूप, नदी बन गई सड़कें

### भीषण बारिश से महाराष्ट्र और गुजरात में बिगड़े हालात



- वॉटरफॉल में फंसे 100 टूरिस्ट, रस्सी के सहारे रेस्क्यू
- वसई में 20 कारें डूबीं, छत्तीसगढ़ में घरों में पानी घुसा

**मुंबई (एजेंसी)।** देश के कई राज्यों में मानसून ने रफ्तार पकड़ ली है। महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले में जेनिथ वॉटरफॉल में अचानक पानी का लेवल बढ़ गया। जिसमें 100 टूरिस्ट फंस गए, रस्सी की मदद से उन्हें निकाला गया। महाराष्ट्र में वसई के नालासोपारा में सड़क नदी जैसी बन गई। करीब 20 कारें उसमें डूब गईं। मुंबई में 64 पेड़ गिर गए और 8 मकानों की दीवारें ढह गईं। गुजरात के जूनागढ़ में कई इलाकों में 4 फीट तक पानी भर गया। सड़क पर नाव चलानी पड़ रही है। भावनगर में एक कार पानी में बह गई। छत्तीसगढ़ के रायपुर में शनिवार रात आधे घंटे के भीतर ही 30 मिमी पानी बरसा। टाटीबंध में घरों में पानी भर गया। एक अधिकारी ने बताया कि पीड़ित यूनुस कुंडावाला को मलबे से निकालकर फौजिया अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि फायर ब्रिगेड, पुलिस, बेस्ट और नगर निगम के कर्मचारी तुरंत मौके पर पहुंचे और बचाव व साफ-सफाई का काम किया। यह घटना 30 जून को चेंबूर में चलती स्कूल बस पर पेड़ गिरने से 11 वर्षीय लड़के की मौत और कई अन्य लोगों के घायल होने की घटना के कुछ दिनों बाद हुई है।



### छिंदवाड़ा-उमरिया में बारिश, श्योपुर में दुकानों में पानी भरा

मध्य प्रदेश में मानसून जमकर बरस रहा है। रविवार सुबह छिंदवाड़ा और आसपास के जिलों में पानी गिरा। दोपहर 12 बजे के बाद उमरिया में तेज बारिश हुई। श्योपुर में आधे घंटे की बारिश से दुकानों में पानी भर गया। भोपाल में धूप-छांव वाला मौसम है। इंदौर समेत कई जिलों में बादल छाए हैं। मौसम विभाग ने आज प्रदेश के आधे हिस्से में अति भारी या भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। भोपाल, इंदौर, उज्जैन और नर्मदापुरम संभाग में सबसे ज्यादा असर रहेगा।

## मशहूर पंडवानी गायिका तीजन बाई का निधन

- राजकीय सम्मान के साथ किया गया अंतिम संस्कार

**रायपुर (एजेंसी)।** छत्तीसगढ़ की लोक कला और पंडवानी गायन को वैश्विक पहचान दिलाने वाली पद्म विभूषण तीजन बाई का निधन हो गया। वे 70



साल की थीं। उन्होंने शनिवार रात 3.15 बजे रायपुर एम्स में अंतिम सांस ली। वे पिछले कुछ समय से बीमार थीं। भारतीय लोक कला में उनके असाधारण योगदान के लिए उन्हें पद्मश्री, पद्म भूषण और देश के दूसरे सर्वोच्च नागरिक सम्मान पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया था। रविवार सुबह 11 बजे तीजन बाई के शव को उनके पैतृक गांव गनियारी लाया गया।

# प्रशांत किशोर होंगे बांकीपुर से जनसुराज के उम्मीदवार



### बिहार में नितिन नवीन की सीट पर दिलचस्प मुकाबला

**पटना (एजेंसी)।** बिहार की सियासत अब और दिलचस्प हो गई है। पटना की हाई-प्रोफाइल बांकीपुर विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव के लिए जन सुराज पार्टी ने अपने सबसे बड़े चेहरे प्रशांत किशोर को चुनावी मैदान में उतार दिया है। जन सुराज के प्रदेश अध्यक्ष मनोज भारती ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के जरिए इस बात की आधिकारिक घोषणा की। तब प्रशांत किशोर भी उनके बगल में ही बैठे हुए थे। ये सीट बीजेपी के दिग्गज नेता नितिन नवीन के राज्यसभा सांसद चुने जाने के बाद खाली हुई है। इस वीआईपी सीट पर आगामी 30 जुलाई को मतदान होना है, जिससे यहां का राजनीतिक समीकरण पूरी तरह बदल गया है।

### प्रदेश अध्यक्ष मनोज भारती ने की बड़ी घोषणा

जन सुराज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मनोज भारती ने बांकीपुर उपचुनाव को लेकर सस्पेंस खत्म कर दिया है। उन्होंने ऐलान किया कि इस बार चुनावी रण में सीधे प्रशांत किशोर ही पार्टी के उम्मीदवार होंगे। जन सुराज की इस रणनीतिक घोषणा ने विपक्षी दलों के खेमे में हलचल तेज कर दी है।

### नितिन नवीन के इस्तीफे से खाली हुई है सीट

बांकीपुर विधानसभा सीट पर उपचुनाव की नौबत इसलिए आई क्योंकि यहां से लगातार चुनाव जीतते आ रहे भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय पदाधिकारी और कद्दावर नेता नितिन नवीन अब राज्यसभा के सांसद बन चुके हैं। उनके संसद के उच्च सदन में जाने के बाद यह सीट रिक्त घोषित की गई थी। जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर खुद पहली बार बांकीपुर से चुनावी मैदान में उतर रहे हैं। चुनाव आयोग के शेड्यूल के मुताबिक इस सीट पर आगामी 30 जुलाई को वोट डाले जाएंगे। बीजेपी के गढ़ माने जाने वाले बांकीपुर में नितिन नवीन की खाली हुई जगह को भरना नए उम्मीदवार के लिए बड़ी चुनौती होगी। प्रशांत किशोर के मैदान में आने से अब इस सीट पर लड़ाई बेहद दिलचस्प और त्रिकोणीय होने के आसार हैं। प्रशांत किशोर के खुद बांकीपुर से चुनाव लड़ने के फैसले ने बिहार की राजनीति को एक नया मोड़ दे दिया है।

# 5 आरोपियों से पूछताछ करने जेल पहुंची पुलिस

### राममंदिर चोरी

### सभी को अलग-अलग बैरक में शिफ्ट किया गया

**अयोध्या (एजेंसी)।** अयोध्या राम मंदिर में चढ़ावा चोरी के पांच आरोपियों से पूछताछ के लिए पुलिस रविवार दोपहर 1.50 बजे जेल पहुंची। राम मंदिर चोरी के 8 आरोपी जेल में बंद हैं। चढ़ावा चोरी के 3 आरोपियों से पुलिस पहले ही पूछताछ कर चुकी है। जिन आरोपियों से रविवार को पूछताछ होनी हैं, उनमें रमाशंकर मिश्रा, मनीष यादव, लवकुश मिश्रा, अनुकल्प मिश्रा और करुणेश पांडेय शामिल हैं। इधर, अयोध्या जेल में शनिवार को सभी आरोपियों को अलग-अलग बैरक में शिफ्ट कर दिया गया है। पहले सभी एक बैरक में थे। पुलिस को शंका थी कि ये सभी आपस में मारपीट कर सकते हैं या कोई साजिश रच सकते हैं। इस बीच एएपी के कार्यालय के बाहर पोस्टर लगाया गया। पोस्टर पर लिखा है- चंदा चोर पार्टी का प्रवेश वर्जित है।



### पहली बार राममंदिर की बैठक लीड नहीं करेंगे चंपत राय

अयोध्या श्रीराम ट्रस्ट की 6 जुलाई को होने वाली बैठक कोषाध्यक्ष गोविंद देव गिरि लीड करेंगे। बैठक मणिराम दास छावनी में अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास की अध्यक्षता में होगी। बतौर ट्रस्टी चंपत राय और डॉ. अनिल मिश्रा को भी इस बैठक में बुलाया गया है। इसमें ट्रस्ट के सदस्य बहुमत के आधार पर निर्णय लेंगे कि महासचिव चंपत राय और ट्रस्टी डॉ. अनिल मिश्रा का इस्तीफा मंजूर किया जाए या नहीं।

### दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा: नितिन नवीन

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने राम मंदिर चढ़ावा चोरी पर शनिवार को पहली बार बयान दिया। उन्होंने लखनऊ में कहा- जो हुआ, वह गलत है। इससे जनता में गलत संदेश गया है। यह विपरीत परिस्थिति है और विपक्ष को मुद्दा मिल गया है। प्रदेश सरकार कार्रवाई कर रही है। दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। सूत्रों के मुताबिक, जांच पूरी होने पर एसआईटी 15 जुलाई के बाद एफआईआर दर्ज करा सकती है। मुकदमे में ट्रस्ट के महासचिव पद से इस्तीफा देने वाले चंपत राय, डॉ. अनिल मिश्रा व गोपाल राव को आरोपी बनाया जा सकता है।

# जम्मू-कश्मीर की किताब में आतंकी हाफिज को बताया महान

- एफआईआर दर्ज, 8 अफसर सस्पेंड; भाजपा बोली-ये एकेडमिक जिहाद, बुक बैन करें

**श्रीनगर (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर के सरकारी स्कूलों की लाइब्रेरी के लिए खरीदी गई दो किताबों को लेकर यूएपीए के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। इन किताबों में मुंबई हमलों के मास्टर माइंड आतंकी हाफिज सईद और अलगाववादी नेता मकबूल भट को महान हस्तियां बताया गया है। पुलिस की काउंटर इंटेलीजेंस विंग ने शनिवार एफआईआर दर्ज करके छापेमारी शुरू कर दी है। विवादित किताबों में से एक हिलाल अहमद और संतोष मीना की 'पर्सनैलिटीज एंड लीजेंड्स ऑफ जेके है। इसे जम्मू की ओबेरॉय बुक सर्विस ने प्रकाशित किया है। दूसरी किताब सुशांत गिरी की 'ग्रेट पर्सनैलिटी ऑफ जम्मू-कश्मीर' है। इसे दिल्ली के अनुराग प्रकाशन ने पब्लिश किया है। अधिकारियों के मुताबिक, एक किताब की 123 प्रतियां जम्मू, रामबन और ऊधमपुर जिलों में भेजी गई थीं, जबकि दूसरी किताब की 128 प्रतियां जम्मू और बारामूला जिलों में बांटी गई थीं। भाजपा ने इसे एकेडमिक जिहाद बताते हुए किताबों पर बैन की मांग की है।



## संक्षिप्त समाचार

### हाजीपुर में रामविलास पासवान की 80वीं जयंती, प्रतिमा पर श्रद्धांजलि, हजारों कार्यकर्ता जुटे, नेताओं ने दी श्रद्धांजलि

**हाजीपुर**। पूर्व केंद्रीय मंत्री और पद्म भूषण से सम्मानित रामविलास पासवान की 80वीं जयंती रविवार को हाजीपुर में मनाई गई। पासवान चौक स्थित सर्किट हाउस के पास आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में हजारों से अधिक लोक जनशक्ति पार्टी (लोजपा) के कार्यकर्ता शामिल हुए। इस अवसर पर हाजीपुर के विधायक अवधेश सिंह और बिहार सरकार के पीएचईडी मंत्री संजय सिंह ने अन्य अतिथियों के साथ मिलकर रामविलास पासवान की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। विधायक अवधेश सिंह ने इस दौरान कहा कि रामविलास पासवान का जन्म 5 जुलाई 1946 को हुआ था और उन्होंने हमेशा गरीब, दलित तथा वंचितों की आवाज उठाई। हाजीपुर के विकास में उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। पीएचईडी मंत्री संजय सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि रामविलास पासवान द्वारा स्थापित राजनीतिक विरासत को आगे बढ़ाना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उल्लेखनीय है कि रामविलास पासवान हाजीपुर से नौ बार सांसद रहे थे और उनका निधन 8 अक्टूबर 2020 को हुआ था। कार्यक्रम में लोजपा के प्रदेश, जिला और प्रखंड स्तर के पदाधिकारियों सहित 500 से अधिक कार्यकर्ताओं ने भी पासवान के तैलचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस दौरान कई अन्य मंत्री और विधायक भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम स्थल पर मेडिकल कैंप लगाए गए और लोगों के बीच लड्डू भी बांटे गए।



### मुजफ्फरपुर मदरसा से हाजीपुर का छात्र लापता, परिजन ने जताई अपहरण की आशंका

**हाजीपुर**। वैशाली के बिदुपुर थाना क्षेत्र के माईल गांव निवासी 15 साल के छात्र मो.इरफान के मुजफ्फरपुर स्थित एक मदरसे से रहस्यमय ढंग से लापता हो गया। छात्र के परिजन ने मदरसा प्रबंधन पर गंभीर आरोप लगाते हुए अपहरण की आशंका जताई है। पुलिस से शीघ्र बरामदगी की मांग की है। इधर, पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। परिजन के अनुसार, माईल गांव निवासी मो.कलाम ने अपने बेटे मो.इरफान का नामांकन 30 मार्च 2026 को मुजफ्फरपुर के फकुली स्थित जामिया मदीनतुल उलूम खानकाह कादरी मदरसा में कराया था। मोहर्रम के दौरान इरफान छुट्टी लेकर घर आया था। 27 जून की शाम करीब चार बजे उसके पिता उसे दोबारा मदरसे छोड़ने पहुंचे और वहां के मुदर्रिस को सौंपकर लौट आए। छात्र की मां ने आरोप लगाया कि जब उनके पति बेटे को मदरसे छोड़ने पहुंचे तो वहां मौजूद मौलाना ने उन्हें जल्द घर लौट जाने की सलाह दी। जबकि बच्चे की कक्षाएं शाम सात बजे से शुरू होती थीं। मां का कहना है कि अगर पढ़ाई का समय सात बजे था तो बच्चे को तीन घंटे पहले मदरसे में अकेला क्यों छोड़ दिया गया और उसकी निगरानी क्यों नहीं की गई। उन्होंने आरोप लगाया कि मदरसा प्रशासन की लापरवाही या मिलीभगत के कारण ही उनका बेटा गायब हुआ है। परिजनों का कहना है कि 28 जून की सुबह करीब 11 बजे मदरसा से फोन आया कि इरफान वहां नहीं है। यह सूचना मिलने के बाद परिवार के लोगों के होश उड़ गए और वे तत्काल मुजफ्फरपुर के लिए रवाना हो गए। मो. कलाम ने बताया कि बेटे के लापता होने की सूचना मिलते ही वे मदरसा पहुंचे, लेकिन वहां मौजूद लोगों ने कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया। उन्हें अगले दिन आने को कहा गया। 29 जून को दोबारा मदरसा पहुंचने पर हेड मुदर्रिस ने कहा कि बच्चे की तलाश में परिजन और मदरसा दोनों को प्रयास करना चाहिए। पिता का आरोप है कि घटना के बाद मदरसा प्रबंधन की ओर से गंभीरता नहीं दिखाई गई। यदि बच्चा मदरसे के परिसर से गायब हुआ है तो इसकी जिम्मेदारी वहां के प्रबंधन की बनती है।



### पर्यटन मंत्री ने गणिनाथ धाम के विकास का किया एलान

**हाजीपुर**। बिहार के पर्यटन मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता ने वैशाली स्थित बिदुपुर के गणिनाथ धाम के विकास की घोषणा की है। उन्होंने बताया कि इस धाम का विकास हसनपुर के पलवैया धाम की तर्ज पर किया जाएगा। मंत्री ने यह ऐलान शनिवार को बिदुपुर दौरे के दौरान एक नागरिक अभिनंदन समारोह में किया। इस घोषणा से स्थानीय लोगों और श्रद्धालुओं में खुशी का माहौल है। अपने दौरे के दौरान मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता ने गणिनाथ धाम परिसर का निरीक्षण भी किया। उन्होंने दोहराया कि राज्य सरकार सभी प्रमुख धार्मिक स्थलों को पर्यटन मानचित्र पर लाने के लिए प्रतिबद्ध है। पलवैया धाम के सफल विकास मॉडल को गणिनाथ धाम में भी लागू किया जाएगा। मंत्री ने बताया कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए धाम में धर्मशाला, पार्किंग, पेयजल, शौचालय, तोरणद्वार, सीढ़ी घाट, लाइटिंग और सौंदर्यीकरण का कार्य कराया जाएगा। मंदिर तक पहुंचने वाले मार्ग को भी बेहतर बनाया जाएगा। कार्यक्रम के आयोजक रामानंद गुप्ता ने जानकारी दी कि बाबा गणिनाथ मंदिर के जीर्णोद्धार से संबंधित सभी कागजी प्रक्रियाएं पूरी कर ली गई हैं। आगामी 26 जुलाई को पटना के कृष्ण मेमोरियल हॉल में आयोजित एक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी का अभिनंदन किया जाएगा, और इसी दौरान गणिनाथ धाम के शिलान्यास की औपचारिक घोषणा की जाएगी। मंत्री ने भी इस जानकारी की पुष्टि की। स्थानीय लोगों का मानना है कि गणिनाथ धाम वैशाली का एक महत्वपूर्ण आस्था केंद्र है। इसके विकास से धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। नागरिक अभिनंदन समारोह की अध्यक्षता रामानंद गुप्ता ने की। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र गुप्ता, अवधेश साह (PMCH पटना), पूर्व मुखिया कौशल किशोर, पूर्व मुखिया मोहन साह, जय प्रकाश साह, जिला पार्षद आशुतोष कुमार दीपू, क्रांति कुमार, विद्या नन्द साह, शशि भूषण प्रसाद, धनंजय गुप्ता और बसंत गुप्ता सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।



### दहेज हत्या-शव जलाने के मामले में 2 आरोपी अरेस्ट, बाइक नहीं मिलने पर मर्डर का आरोप

**मुजफ्फरपुर**। मुजफ्फरपुर में दहेज हत्या के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि मोटरसाइकिल की मांग पूरी नहीं होने पर विवाहिता की हत्या कर दी गई और सबूत मिटाने के लिए शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया। घटना से तीन दिन पहले युवती ने अपनी मां को फोन कर जान का खतरा होने की बात भी बताई थी। कच्ची पक्की ओपी के जमहरुआ गांव में दहेज के लिए विवाहिता की हत्या कर शव जला देने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई तेज कर दी है। इस मामले में मृतका के ससुर लखीन्द्र राय और भैसुर रमेश राय को गिरफ्तार कर लिया गया है। रविवार को एसडीपीओ टाउन-2 विनीता सिन्हा ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि मामले की जांच जारी है और अन्य नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। मृतका की पहचान कच्ची-पक्की ओपी क्षेत्र के रतवारा गांव निवासी जुली देवी के रूप में हुई है। उनकी मां रंजू देवी के आवेदन पर पति उमेश राय, सास ललिता देवी, ससुर लखीन्द्र राय, जेठ गणेश राय, रमेश राय और दिनेश राय समेत छह लोगों के खिलाफ दहेज हत्या, प्रताड़ना और साक्ष्य मिटाने की धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गई है। आवेदन में रंजू देवी ने बताया है कि जुली की शादी 18 अप्रैल 2018 को जमहरुआ गांव निवासी उमेश राय से हिंदू रीति-रिवाज के साथ हुई थी। शादी में तीन लाख रुपये नकद, सोने की चेन, अंगूठी, बाली सहित अन्य जेवर और घरेलू सामान दिए गए थे। शादी के बाद जुली ने एक बेटी और दो बेटों को जन्म दिया, लेकिन इसके बावजूद ससुराल वाले दहेज में बाइक की मांग को लेकर लगातार उसे मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित करते रहे।

# मेट्रो के कारण राजवंशी नगर का एक लेन किया जाएगा बंद

**एजेंसी, पटना**




- पंचमुखी हनुमान मंदिर के पास बना रहे नया डिवाइडर, रेडियो भवन की दीवार तोड़कर सड़क करेंगे चौड़ी

पटना मेट्रो निर्माण के कारण बेली रोड पर यातायात में बदलाव किया जाएगा। राजवंशी नगर के पास एक लेन ब्लॉक होगा। जाम से बचने के लिए पंचमुखी हनुमान मंदिर के पीछे रेडियो भवन की दीवार तोड़कर सड़क चौड़ी की जा रही है। पंचमुखी हनुमान मंदिर के पास नया डिवाइडर बनाया जा रहा है, ताकि पटेल भवन से डाकबंगला की ओर आने वाले मार्ग पर यातायात व्यवस्था प्रभावित न हो।

**पंचमुखी हनुमान मंदिर के पास बना रहे नया डिवाइडर**: राजवंशी नगर के पास जल्द ही मेट्रो की बड़ी मशीनें लगाई जाएगी। मेट्रो मशीन लगने के कारण एक लेन पूरी तरह से ब्लॉक हो जाएगा। इस कारण पंचमुखी हनुमान मंदिर के ठीक पीछे स्थित रेडियो भवन की दीवार को तोड़ा जाएगा। दीवार हटने के बाद मिलने वाली जमीन का इस्तेमाल सड़क को चौड़ा करने के लिए किया जाएगा। पटेल भवन की ओर से आने वाली गाड़ियां मंदिर के पिछले हिस्से से तैयार होने वाले नए रास्ते से होकर गुजरेंगी। वहीं, आगे जाकर गाड़ियां फिर से दो लेन में चलने लगेंगी।

**दीवार टूटने के तुरंत बाद सड़क का होगा निर्माण**: प्रशासन का मुख्य उद्देश्य ये है कि दीवार टूटने के तुरंत बाद सड़क का निर्माण करा दिया जाए, जिससे वाहन चालकों को किसी भी प्रकार की असुविधा या जाम का सामना न करना पड़े। वैकल्पिक मार्ग को जल्द से जल्द चालू करने के लिए शनिवार को प्रशासनिक टीम द्वारा संबंधित स्थल की मापी की गई। इस सर्वे में यह तय किया गया कि दीवार को कितना अंदर तक तोड़ा जाना है, ताकि सड़क निर्माण के लिए पर्याप्त जगह मिल सके।

**सात भवनों की बाउंड्री तोड़ चौड़ी होगी सड़क**: पटना बेली रोड पर मेट्रो निर्माण के दौरान ट्रैफिक को सुगम रखने के लिए बड़ी कवायद की जा रही है। इस मार्ग की दोनों तरफ के सात प्रमुख सरकारी भवनों और परिसरों की बाउंड्री वॉल को तोड़ने की प्लानिंग की जा रही है। इससे सड़क की चौड़ाई बढ़ेगी और वाहनों के परिचालन के लिए पर्याप्त वैकल्पिक रास्ता मिल जाएगा। इसके तहत पटना जू के गेट नंबर-1 से लेकर आयकर गोलंबर तक दोनों लेन में सड़क चौड़ी की जाएगी। बेली रोड पर अंडरग्राउंड मेट्रो स्टेशनों का निर्माण होना है और इस काम में कम से कम दो-तीन साल का समय लगेगा, इसलिए हैवी ट्रैफिक को देखते हुए सड़क का चौड़ीकरण अनिवार्य माना गया है।

## अज्ञात वाहन ने मां-बेटी को कुचला, 8 वर्षीय बच्ची की मौत

**एजेंसी, पटना**



पटना के दानापुर में शनिवार देर रात एक तेज रफ्तार अज्ञात गाड़ी घर के बाहर सड़क किनारे सो रही मां-बेटी को कुचलते हुए फरार हो गया। इस घटना में 8 वर्षीय बच्ची की मौत हो गई, जबकि उसकी मां गंभीर रूप से घायल हो गईं। मृत बच्ची की पहचान दिव्या कुमारी (8) के रूप में हुई है, जबकि घायल महिला की पहचान 50 वर्षीय लक्ष्मीनिया देवी के रूप में की गई है। मामला दानापुर अनुमंडल अंतर्गत शाहपुर थाना क्षेत्र की है।

**सोते समय हुआ हादसा, PMCH रेफर**: घायल महिला के दामाद अनिल पासवान ने बताया, 'लक्ष्मीनिया देवी अपनी बेटी दिव्या के साथ शनिवार रात घर के बाहर सड़क किनारे सो रही थीं। रात करीब 11:45 बजे एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन वहां से गुजरा और दोनों को कुचलते हुए फरार हो गया। इस दौरान गाड़ी का पहिया दिव्या के सिर पर चढ़ गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

**मां की हालत गंभीर**: हादसे में लक्ष्मीनिया देवी गंभीर रूप से घायल हो गईं। उनके दोनों पैरों में गंभीर चोटें आई हैं। घटना के बाद स्थानीय लोगों और परिजनों ने उन्हें दानापुर अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें पटना के PMCH रेफर कर दिया। फिलहाल, उनका इलाज जारी है और हालत नाजुक बनी हुई है।

**सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस**: घटना की सूचना मिलते ही शाहपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने बच्ची के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शाहपुर थानाध्यक्ष नवीन कुमार ने बताया, अज्ञात वाहन और ड्राइवर की पहचान के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

## रेलवे ट्रैक पर महिला की लाश मिली ससुराल वालों पर हत्या का आरोप

### 1 दिन पहले विवाद हुआ था

**एजेंसी, पटना**



बाढ़ अनुमंडल के अथमलगोला थाना क्षेत्र में बुढरा गांव के सामने रेलवे ट्रैक पर एक महिला का शव मिला है। मृतका के परिजनों ने उसके ससुराल पक्ष पर हत्या का आरोप लगाया है। विवाहिता की पहचान अंबा गांव निवासी खुशी कुमारी के रूप में हुई है। मृतका के पिता कौशल पासवान ने बताया कि एक दिन पहले खुशी कुमारी का ससुराल में विवाद हुआ था। विवाद के बाद वह बहादुरपुर गांव में अपनी मौसी के घर चली गई थी।

पिता के अनुसार, बाद में दोनों पक्षों के बीच समझौता हुआ था, जिसमें लड़के पक्ष ने अपनी गलती स्वीकार की थी। कौशल पासवान ने आरोप लगाया है कि उनकी बेटी की हत्या की गई है।

**बख्तियारपुर रेल थाना में दिया आवेदन**: उन्हें बुढरा गांव के सामने रेलवे ट्रैक पर शव मिलने की जानकारी मिली थी। खुशी कुमारी की शादी बुढरा गांव के वाल्मीकि पासवान से हुई थी। पिता ने आशंका जताई है कि हत्या के बाद शव को रेलवे ट्रैक पर फेंका गया है। उन्होंने इस संबंध में बख्तियारपुर रेल थाना में लिखित आवेदन देकर पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। आरपीएफ इंस्पेक्टर जवाहरलाल ने जानकारी दी कि यह मामला पति-पत्नी के विवाद से जुड़ा है। उन्होंने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# दानापुर में विवाहिता की संदिग्ध मौत, गले पर निशान, भाई का शिक्षक पति पर हत्या का आरोप

**एजेंसी, पटना**



- हिरासत में पूछताछ जारी, पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार

पटना के दानापुर में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतका के गले पर गहरे काले निशान मिलने के बाद मायके पक्ष ने दहेज के लिए हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने मृतका के पति को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। मृतका की पहचान हाथीखाना रोड निवासी बिरजू कुमार राय की 30 वर्षीय पत्नी चांदनी कुमारी के रूप में हुई है। सूचना मिलने पर दानापुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर अनुमंडलीय अस्पताल में पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया। मामला दानापुर थाना क्षेत्र स्थित हाथीखाना आनंद बाजार रोड का है।

**चारपहिया वाहन की मांग को लेकर प्रताड़ना का आरोप**: मृतका के भाई सूरज कुमार सारण जिले के परसा थाना क्षेत्र के लतरहिया गांव के रहने वाले हैं। उन्होंने बताया कि चांदनी की शादी वर्ष 2022 में दानापुर निवासी और एक निजी स्कूल में शिक्षक बिरजू कुमार राय से हुई थी। उन्होंने आरोप लगाया कि शादी के बाद से ही उनकी बहन को दहेज में चारपहिया वाहन लाने के लिए लगातार प्रताड़ित किया जाता था। मांग पूरी नहीं होने पर उसके साथ मारपीट की जाती थी।

**एक साल पहले भी की थी शिकायत**: सूरज कुमार ने बताया, 'करीब एक वर्ष पहले भी उनकी बहन ने दानापुर थाना में ससुराल पक्ष द्वारा प्रताड़ित किए जाने की लिखित शिकायत दर्ज कराई थी। उस समय ससुराल वालों ने भविष्य में ऐसा नहीं करने का भरोसा दिया था, जिसके बाद दोनों पक्षों के बीच समझौता हो गया था।'

**फोन कटने के बाद हुई मौत की जानकारी**: सूरज ने बताया, '4 जुलाई की दोपहर उनकी बहन से तीन-चार मिनट तक फोन पर सामान्य बातचीत हुई थी। उसी दिन वह किसी काम से पटना आए हुए थे। इसी दौरान उनकी बहन की सास के मोबाइल से उनके पास कॉल आया। कॉल रिसीव करने पर उन्हें रोने की आवाज सुनाई दी। उन्होंने "हैलो" कहा तो तुरंत फोन काट दिया गया।' इसके बाद उन्होंने बहन और परिवार के अन्य सदस्यों को कई बार फोन किया, लेकिन हर बार कॉल काट दिया गया और बाद में सभी मोबाइल बंद हो गए। शाम करीब 7 बजे उन्हें सूचना मिली कि उनकी बहन की मौत हो गई है।

**गले पर चोट के निशान, गला घोंटकर हत्या का आरोप**: मृतका के भाई ने आरोप लगाया कि उनकी बहन के गले पर चोट के स्पष्ट निशान थे और उसके पति बिरजू कुमार राय, सास सीता देवी तथा अन्य ससुराल वालों ने रस्सी से गला घोंटकर उसकी हत्या की है। उन्होंने आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। दानापुर थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार भारद्वाज ने बताया, कि विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हुई है। महिला के गले पर गहरे निशान पाए गए हैं। मायके पक्ष ने पति और ससुराल वालों पर हत्या का आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि पति को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा कि मामला हत्या का है या आत्महत्या का। फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है।

# हर जिले में क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट नियुक्त हों

**एजेंसी, पटना**



- डॉ. रकीब आलम ने कहा- मानसिक स्वास्थ्य सेवाएं जमीनी स्तर तक पहुंचाना जरूरी

नई दिल्ली स्थित जामिया मिलिया इस्लामिया के प्रोफेसर डॉ. रकीब आलम ने रविवार को पटना में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान बिहार में मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने की मांग की। उन्होंने राज्य के प्रत्येक जिले और प्रमुख सरकारी संस्थानों में क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट की नियुक्ति पर जोर दिया। डॉ. आलम ने केंद्र सरकार के डिस्ट्रिक्ट मेंटल हेल्थ प्रोग्राम (DMHP) को बिहार में प्रभावी ढंग से लागू करने की आवश्यकता भी बताई। डॉ. आलम ने बताया कि प्रेस कॉन्फ्रेंस से पूर्व उन्होंने बिहार के स्वास्थ्य मंत्री से मुलाकात की थी और उन्हें इस संबंध में एक विस्तृत मांग पत्र सौंपा था। उन्होंने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य अब केवल एक चिकित्सीय विषय नहीं रह गया है, बल्कि यह सामाजिक शांति, न्याय और मानवीयता से जुड़ा एक महत्वपूर्ण मुद्दा बन गया है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि इस दिशा में समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो इसके गंभीर और दूरगामी परिणाम हो सकते हैं।

डॉ. आलम ने समाज में नैतिक मूल्यों के क्षरण के साथ-साथ बढ़ती मानसिक और व्यवहारिक समस्याओं पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने नार्सिसिस्टिक पर्सनैलिटी डिसऑर्डर (NPD) का विशेष रूप से उल्लेख करते हुए कहा कि इस विकार से ग्रस्त व्यक्ति अपने व्यवहार से परिवार और समाज दोनों को गंभीर रूप से प्रभावित कर सकते हैं। उनके अनुसार, ऐसे मामलों की समय पर पहचान और विशेषज्ञों द्वारा उपचार अत्यंत आवश्यक है। डॉ. आलम ने बताया कि NPD जैसे व्यवहार से प्रभावित लोगों के संपर्क में आने वाले कई व्यक्ति गंभीर मानसिक तनाव, अवसाद, अनिद्रा, उच्च रक्तचाप, हीन भावना और अन्य स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से जूझते हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं की कमी के कारण ऐसे पीड़ितों को समय पर उचित परामर्श और उपचार नहीं मिल पाता है, जिससे उनकी स्थिति और बिगड़ सकती है। डॉ. आलम ने बताया कि उन्होंने इस विषय पर प्रधानमंत्री कार्यालय (PMO) के पोर्टल पर भी शिकायत और सुझाव दर्ज कराया था। इसके जवाब में उन्हें जानकारी मिली कि देश के 767 जिलों में डिस्ट्रिक्ट मेंटल हेल्थ प्रोग्राम को मंजूरी दी जा चुकी है। उन्होंने बिहार सरकार से आग्रह किया कि इस योजना का अधिकतम लाभ उठाते हुए इसे राज्य के सभी जिलों में प्रभावी तरीके से लागू किया जाए, ताकि लोगों को स्थानीय स्तर पर मानसिक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हो सकें। उन्होंने यह भी कहा कि मानसिक स्वास्थ्य को लेकर समाज में जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता है। उनके अनुसार कई गंभीर अपराधों के पीछे मानसिक और व्यवहारिक विकारों की भूमिका हो सकती है। हालांकि उन्होंने कहा कि किसी भी व्यक्ति के बारे में निष्कर्ष केवल प्रशिक्षित मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञों द्वारा वैज्ञानिक मूल्यांकन के आधार पर ही निकाला जाना चाहिए। डॉ. आलम ने बिहार सरकार के समक्ष कई महत्वपूर्ण सुझाव भी रखे। उन्होंने मांग की कि राज्य के प्रत्येक जिले, सरकारी अस्पताल, न्यायालय, पुलिस स्टेशन, पंचायत, विद्यालय, महाविद्यालय, विश्वविद्यालय तथा रजिस्ट्री कार्यालयों में क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट की नियुक्ति की जाए, ताकि लोगों को समय पर मानसिक स्वास्थ्य संबंधी परामर्श और उपचार मिल सके।

## अफवाह फैलाने वाले 12 कंटेंट क्रिएटर्स पर केस दर्ज

**एजेंसी, पटना**




भरत तिवारी एनकाउंटर के बाद सोशल मीडिया पर भ्रामक और भड़काऊ सामग्री प्रसारित करने वाले कंटेंट क्रिएटर्स के खिलाफ बिहार पुलिस ने कार्रवाई तेज कर दी है। अब तक 12 कंटेंट क्रिएटर्स के खिलाफ पटना साइबर थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस का आरोप है कि ये लोग अफवाह फैलाकर सामाजिक द्वेष पैदा करने और शांति व्यवस्था भंग करने का प्रयास कर रहे थे।

पुलिस ने फेसबुक, एक्स (X) और इंस्टाग्राम सहित 50 से अधिक सोशल मीडिया अकाउंट्स की पहचान की है। इनमें से कई आईडी और आपत्तिजनक कंटेंट हटवाए गए हैं। पुलिस मुख्यालय स्तर पर भी सोशल मीडिया की लगातार निगरानी की जा रही है।

पुलिस सूत्रों के मुताबिक, एक सोशल मीडिया क्रिएटर ने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के खिलाफ कथित तौर पर अमर्यादित भाषा का इस्तेमाल किया था। हाथ में हथियार लेकर अपनी तस्वीर भी पोस्ट की थी। इस मामले में आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी और तकनीकी जांच कर रही है। हालांकि, अभी तक लोकेशन ट्रेस नहीं हो पाई है। पुलिस का कहना है कि कार्रवाई केवल उन सोशल मीडिया अकाउंट्स पर की जा रही है, जो भ्रामक, भड़काऊ या कानून-व्यवस्था प्रभावित करने वाले कंटेंट प्रसारित कर रहे हैं। ऐसे अकाउंट्स की नियमित मॉनिटरिंग की जा रही है।

## पटना-बगहा-भागलपुर में बारिश 18 जिलों में बारिश का अलर्ट

**एजेंसी, पटना**



बिहार में मानसून एक्टिव है। रविवार की शाम पटना में अचानक मौसम का मिजाज बदला और तेज बारिश शुरू हो गई। इससे पहले भागलपुर, बगहा में तेज बारिश हुई। वहीं, सुपौल, बेगूसराय और खगड़िया में काले बादल छाए हैं। कोसी नदी का जलस्तर अचानक बढ़ने के साथ कटाव शुरू हो गया है। तेज कटाव के कारण रविवार को खगड़िया जिले के शिशवा गांव के छह घर नदी में समा गए, जबकि कई अन्य मकान अभी भी कटाव के मुहाने पर हैं।

पीड़ित परिवार खुले आसमान के नीचे जीवन बिताने को मजबूर हैं। ग्रामीणों ने राहत और पुनर्वास की मांग की है।

मौसम विभाग ने आज बिहार के 18 जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया है। 30-40Kmph की रफ्तार से हवा चलेगी। राजधानी पटना में हल्के बादल छाए रह सकते हैं। हालांकि, उमस भरी गर्मी से राहत मिलने की संभावना कम है।

विभाग के मुताबिक, 6 जुलाई से पूरे प्रदेश में मानसून एक्टिव होगा। राज्य के कई हिस्सों में तेज हवा और बारिश का दौर शुरू होने की संभावना है। अगले 48 घंटे में तापमान में 1 से 3 डिग्री की गिरावट हो सकती है।

# प्रशांत किशोर बांकीपुर से लड़ेंगे विधानसभा उपचुनाव

**एजेंसी, पटना**



- नितिन नवीन के गढ़ में बीजेपी को देंगे टक्कर

पटना की बांकीपुर विधानसभा सीट पर जनसुराज पार्टी की ओर से प्रशांत किशोर उम्मीदवार होंगे। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मनोज भारती ने इसकी घोषणा की है। प्रशांत किशोर ने कहा, "चार सालों से जन सुराज ही मेरी जिंदगी है। पार्टी ने मुझे जो जिम्मेदारी दी है, उसे पूरा करने का प्रयास करूंगा। बांकीपुर से अगर जीत मिलती है तो उससे पार्टी का मनोबल काफी बढ़ेगा और पार्टी आगे बढ़ेगी।" बता दें नितिन नवीन के राज्यसभा सांसद बनने के बाद से ही पीके के बांकीपुर से चुनाव लड़ने की चर्चा थी। पिछले दिनों खुद पीके ने कहा था- अगर मेरे चुनाव लड़ने से भाजपा बांकीपुर जैसी मजबूत सीट हारती है, तो मैं चुनाव लड़ने के लिए तैयार हूं।

**'बिहार में जब तक परिवर्तन नहीं आता, तब तक संघर्ष करता रहूंगा'**: प्रशांत किशोर ने कहा कि मैं पार्टी कार्यकर्ता वरिष्ठ नेता और बिहार की जनता को आभार व्यक्त करता हूं कि उन्होंने इतनी बड़ी जिम्मेदारी मेरे कंधे पर रखी है। बांकीपुर में चुनाव लड़ने की जो जिम्मेदारी मुझे दी गई है, उसे मैं पूरी तरह से निभाऊंगा। अगले 5 वर्षों में बिहार में जब तक परिवर्तन नहीं आता, तब तक मैं संघर्ष करता रहूंगा। प्रशांत किशोर ने कहा कि नवंबर 2025 में जिन मतदाताओं ने जनसुराज की वोट दिया, उन सबको मैं धन्यवाद देता हूं। बांकीपुर की जनता से मैं वादा करता हूं कि मैं पूरी ईमानदारी के साथ काम करूंगा। मैं आपको आश्वस्त करता हूं कि अगर आप अपना जनप्रतिनिधि बनाकर जनसुराज के प्रतिनिधि को भेजते हैं तो वह 242 विधायकों पर भारी पड़ेगा।

**PK ने सम्राट चौधरी पर साधा निशाना**: प्रशांत किशोर ने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी पर भी हमला बोला। उन्होंने कहा कि, 'वह पिछले दरवाजे से मुख्यमंत्री बने हैं। वह एक सिलेक्टेड मुख्यमंत्री है। उनका भी चाल चरित्र और चेहरा जल्द ही सामने आ जाएगा। मैं बेहतर हूं या खराब हूं, यह तय जनता को करना है। बांकीपुर की जनता से मैं अपील करता हूं कि आप केवल एक ईमानदार और अच्छे प्रत्याशी को अपना नेता चुनें। इस सीट से बिहार की सरकार नहीं बदलेगी। बल्कि बिहार की राजनीति बदलेगी। यह बिहार को एक नया विकल्प देने का चुनाव। बांकीपुर के चार लाख मतदाताओं से मैं समर्थन मांग रहा हूं।'

## संक्षिप्त समाचार

### वाहन जांच के दौरान चोरी की मोटरसाइकिल व 40 लीटर देसी शराब बरामद, एक तस्कर गिरफ्तार

**बीएनएम@ मोतिहारीः** पूर्वी चंपारण के नगर थाना पुलिस ने वाहन जांच अभियान के दौरान एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए चोरी की मोटरसाइकिल और 40 लीटर देसी शराब के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, नगर थाना क्षेत्र के बलुआ चौक के समीप वाहन जांच के दौरान एक संदिग्ध मोटरसाइकिल को रोककर जांच की गई। चालक की पहचान सफाउद्दीन अंसारी, पिता–नवाजी अंसारी, निवासी–साताबरिया, थाना–चिरैया, जिला–पूर्वी चंपारण के रूप में हुई। पूछताछ के दौरान वह वाहन के वैध कागजात प्रस्तुत नहीं कर सका। जांच में मोटरसाइकिल का रजिस्ट्रेशन नंबर और इंजन नंबर फर्जी पाया गया तथा वाहन चोरी का निकला। तलाशी के दौरान मोटरसाइकिल के तेल टैंक, डिक्की और सीट के अंदर विशेष रूप से छिपाकर रखी गई लगभग 40 लीटर देसी शराब भी बरामद की गई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी की मोटरसाइकिल और शराब को जब्त कर लिया है। मामले में अग्रिम कानूनी कार्रवाई की जा रही है तथा यह पता लगाया जा रहा है कि आरोपी किसी बड़े वाहन चोरी और शराब तस्करी गिरोह से जुड़ा है या नहीं।

### पैसों के विवाद में हुई मारपीट से मौत, मुख्य आरोपी गिरफ्तार; अफवाहों का पुलिस ने किया खंडन

**बीएनएम@ मोतिहारी।** पूर्वी चम्पारण के पचपकड़ी थाना क्षेत्र के सिसवा मंगल गांव में मिट्टी कटाई के पैसे के लेन-देन को लेकर हुए विवाद में एक व्यक्ति की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही सोशल मीडिया पर फैलाई जा रही भ्रामक और जातीय अफवाहों का खंडन करते हुए लोगों से अफवाहों पर ध्यान नहीं देने की अपील की है। पुलिस के अनुसार, रामबिहारी पाण्डेय और मनोज साह के बीच मिट्टी कटाई के भुगतान को लेकर विवाद हुआ था। दोनों पक्षों के बीच पहले यह तय हुआ था कि अतिरिक्त मिट्टी बेचकर उसका हिसाब-किताब आपस में कर लिया जाएगा। इसी दौरान मनोज साह ने रामबिहारी पाण्डेय के दरवाजे पर पांच ट्रॉली मिट्टी गिराई और भुगतान की मांग की। हिसाब-किताब को लेकर कहासुनी हुई और विवाद बढ़ गया। आरोप है कि विवाद के दौरान रामबिहारी पाण्डेय ने मनोज साह पर कुदाल से हमला कर दिया, जिससे उसके पैर में गंभीर चोट आई और उसे अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। घटना के बाद स्थानीय मुखिया की पहल पर पंचायत के माध्यम से समझौते का प्रयास किया गया, लेकिन बात नहीं बनी। दो दिन बाद दोनों पक्षों के बीच फिर मारपीट हुई, जिसमें रामबिहारी पाण्डेय गंभीर रूप से घायल हो गए। आरोपी पक्ष के लोग उन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले गए। बाद में बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल, मोतिहारी ले जाने के दौरान रास्ते में रामबिहारी पाण्डेय की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पचपकड़ी थाना पुलिस ने कांड संख्या 107/26 दर्ज कर नौ लोगों को नामजद अभियुक्त बनाया। पुलिस ने मुख्य आरोपी राघु साह को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि अन्य फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है।

**अफवाहों का पुलिस ने किया खंडन–** पुलिस अधीक्षक कार्यालय ने स्पष्ट किया है कि सोशल मीडिया पर मृतक को मोटरसाइकिल से घसीटने तथा मुखिया के दरवाजे पर उसके साथ अमानवीय व्यवहार किए जाने जैसी बातें पूरी तरह निराधार और मनगढ़ंत हैं। स्थानीय मुखिया एवं प्रत्यक्षदर्शियों के बयान में ऐसी किसी घटना की पुष्टि नहीं हुई है। पुलिस ने आम लोगों से अपील की है कि वे किसी भी अपुष्ट या भ्रामक सूचना पर विश्वास न करें। सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने और झूठी अफवाह फैलाने वालों की पहचान कर उनके विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### सड़क पर बेसहारा मिली घायल बुजुर्ग महिला, आदापुर पुलिस ने दिखाई इंसानियत; पहचान बताने की अपील

**बीएनएम@ मोतिहारी।** पूर्वी चम्पारण के आदापुर थाना क्षेत्र में सड़क दुर्घटना में घायल होकर बेसहारा पड़ी एक बुजुर्ग महिला की जान बचाने के लिए बिहार पुलिस ने मानवता की मिसाल पेश की। अज्ञात वाहन की टक्कर के बाद महिला अचेत अवस्था में सड़क किनारे पड़ी थी। घटना की सूचना मिलते ही आदापुर थानाध्यक्ष पूजा कुमारी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचीं। उन्होंने बिना देर किए घायल महिला को तत्काल अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल, मोतिहारी रेफर किया गया। फिलहाल महिला का इलाज जारी है। पुलिस के अनुसार, अब तक घायल बुजुर्ग महिला की पहचान नहीं हो सकी है। पूर्वी चम्पारण पुलिस अधीक्षक ने आम लोगों से अपील की है कि यदि कोई इस महिला को पहचानता हो या उसके परिजनों के बारे में जानकारी रखता हो, तो तत्काल आदापुर थाना से संपर्क कर सूचना दें, ताकि उनके परिवार तक सूचना पहुंचाई जा सके। पुलिस का कहना है कि समय पर इलाज मिलने से महिला की जान बचाने का प्रयास किया गया है और उसकी पहचान कराने के लिए आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

### मोतिहारी पुलिस की कार्रवाई, विभिन्न कांडों के 5 अभियुक्त गिरफ्तार

**बीएनएम@ मोतिहारी।** जिले में अपराध नियंत्रण और फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत मोतिहारी पुलिस ने विभिन्न थाना क्षेत्रों से कुल पांच अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, छतौनी थाना पुलिस ने थाना कांड संख्या-371/26 (उत्पाद कांड) के एक अभियुक्त, थाना कांड संख्या-328/26 (हत्या के प्रयास) के दो अभियुक्त तथा टीआर संख्या-1551/25 के वारंटी एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया। इस प्रकार छतौनी थाना क्षेत्र से कुल चार अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायिक प्रक्रिया के लिए अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। वहीं, बंजरिया थाना पुलिस ने थाना कांड संख्या-495/25 (उत्पाद कांड) में एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध भी आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है। मोतिहारी पुलिस ने बताया कि जिले में अपराधियों की गिरफ्तारी और विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए विशेष अभियान लगातार जारी रहेगा। पुलिस ने स्पष्ट किया कि फरार अभियुक्तों और वारंटियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।




### फरार अभियुक्त के घर कुर्की की कार्रवाई, नकरदेई थाना पुलिस का अभियान तेज

**बीएनएम@ मोतिहारी।** पूर्वी चंपारण जिले में फरार अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत नकरदेई थाना पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर एक फरार अभियुक्त के घर कुर्की की कार्रवाई की। पुलिस ने बताया कि फरार आरोपित की गिरफ्तारी के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। जानकारी के अनुसार, नकरदेई थाना कांड संख्या-03/24 (धोखाधड़ी) के फरार प्राथमिकी अभियुक्त मुस्ताक अंसारी, पिता- शामशुल अंसारी, निवासी बसंतपुर, थाना-नकरदेई, जिला-पूर्वी चंपारण के घर न्यायालय के आदेश के आलोक में कुर्की की कार्रवाई की गई। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले में फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने के लिए न्यायालय के आदेशानुसार कुर्की-जब्ती अभियान लगातार चलाया जा रहा है। पुलिस ने स्पष्ट किया कि कानून से बचने की कोशिश करने वाले आरोपितों के विरुद्ध आगे भी इसी प्रकार सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

**स्वास्थ्य विभागः भाग-1 :निर्माणाधीन भवन में 8-10 एमएम सरिया व तीसरे दर्जे की ईंट के इस्तेमाल पर उठे सवाल**

# हरसिद्धि के निर्माणाधीन स्वास्थ्य भवन में घटिया निर्माण सामग्री लगाने का आरोप



राकेश कुमार
सब- एडिटर-
बॉर्डर न्यूज़ मिरर



**मोतिहारी।** हरसिद्धि सीएचसी परिसर में करोड़ों रुपये की लागत से बन रहे नए स्वास्थ्य भवन के निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के पूर्व विधायक प्रत्याशी नागेंद्र राम उर्फ नागेंद्र बिहार ने भवन निर्माण में बड़े पैमाने पर मानकों की अनदेखी और घटिया सामग्री के उपयोग का आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी से उच्चस्तरीय तकनीकी जांच कराने की मांग की है। नागेंद्र राम ने कहा कि स्वास्थ्य भवन जैसे महत्वपूर्ण सरकारी निर्माण में गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जा सकता। उनका आरोप है कि निर्माण कार्य में निर्धारित मानकों के अनुरूप 8 व 10 एमएम सरिया का उपयोग किया जा रहा है। इसके अलावा निर्माण में तीसरे दर्जे (3 नंबर) की ईंटें लगाई जा रही हैं, जिससे भवन की मजबूती और गुणवत्ता गंभीर सवाल खड़ा करती है। उन्होंने बताया कि भवन का निर्माण कार्य दो मंजिल तक पहुंच चुका है, लेकिन निर्माण की गुणवत्ता की समुचित निगरानी नहीं हो रही है। उनका दावा है कि कई पिलर और बीम भी पूरी तरह सीध में नहीं हैं, जिससे भवन की संरचनात्मक मजबूती पर सवाल खड़े हो रहे हैं। यदि समय रहते इसकी जांच नहीं कराई गई तो भविष्य में यह भवन लोगों की सुरक्षा के लिए भी खतरा बन सकता है। पूर्व विधायक प्रत्याशी ने आरोप लगाया कि संवेदक मनमाने तरीके से निर्माण कार्य करा रहा है, जबकि संबंधित विभाग के अधिकारी पूरी तरह उदासीन बने हुए हैं। उन्होंने कहा कि सरकारी राशि से बनने वाले इस भवन में यदि मानकों की अनदेखी की जा रही है तो यह सीधे-सीधे सरकार के पैसे का लूट खसोट है। नागेंद्र राम ने जिलाधिकारी से मांग की है कि भवन निर्माण कार्य की किसी स्वतंत्र तकनीकी एजेंसी या विशेषज्ञ टीम से निष्पक्ष जांच कराई जाए। यदि जांच में आरोप सही पाए जाते हैं तो संवेदक, निर्माण एजेंसी और निगरानी के लिए जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध सख्त कानूनी एवं विभागीय कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य भवन का निर्माण वर्षों तक जनता की सेवा के लिए किया जा रहा है, इसलिए इसकी गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं होना चाहिए। निर्माण कार्य पूरी तरह तकनीकी मानकों और सरकारी गुणवत्ता मानकों के अनुरूप होना चाहिए। हालांकि, खबर लिखे जाने तक निर्माण एजेंसी या संबंधित विभाग की ओर से इन आरोपों पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं मिली थी। आरोपों की पुष्टि तकनीकी जांच रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगी।

**क्रमशः**

## 07 जुलाई को 25 प्रखंडों की 69 पंचायतों में लगेगा चौथे चरण का सहयोग शिविर

» **शिविर की सफलता को लेकर जिलाधिकारी ने सभी पदाधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश, समन्वय व गुणवत्तापूर्ण निष्पादन पर जोर**

**बीएनएम@ मोतिहारी**

पहले तीन चरणों के सफल आयोजन के बाद जिला प्रशासन ने चौथे चरण के सहयोग शिविर की तैयारियां तेज कर दी हैं। आगामी 07 जुलाई 2026 को पूर्वी चंपारण जिले के शेष 25 प्रखंडों की 69 पंचायतों में पंचायत स्तर पर सहयोग शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर के सफल संचालन को लेकर जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव ने सभी जिला एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि बिहार सरकार के निर्देशानुसार पंचायत स्तर पर आयोजित किए जा रहे सहयोग शिविर का उद्देश्य आम नागरिकों को अपनी समस्याएं, शिकायतें एवं सुझाव सीधे प्रशासन के समक्ष रखने का अवसर उपलब्ध कराना तथा उनका त्वरित एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना है।उन्होंने सभी जिला स्तरीय पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि उन्हें आवंटित प्रखंड एवं पंचायतों में प्रखंड विकास पदाधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर शिविर की सभी तैयारियां समय पर पूरी कराएं। साथ ही प्रखंड से लेकर पंचायत स्तर तक के सभी अधिकारियों एवं कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं, ताकि शिविर का संचालन सुचारु एवं प्रभावी ढंग से हो सके। जिलाधिकारी ने संबंधित पंचायतों में शिविर से पूर्व अधिक से अधिक आवेदन प्राप्त करने तथा प्राप्त सभी आवेदनों का निर्धारित समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण निष्पादन सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया है। सहयोग शिविर से संबंधित जानकारी टोल फ्री नंबर 1100 पर प्रतिदिन सुबह 8 बजे से शाम 8 बजे तक प्राप्त की जा सकती है। वहीं विभागीय पोर्टल sahyog.bihar.gov.in पर भी ऑनलाइन परिवाद दर्ज किए जा सकते हैं, जिनका निष्पादन आवेदन प्राप्ति की तिथि से 30 दिनों के भीतर सुनिश्चित किया जाएगा। 07 जुलाई को आदापुर, छौड़ादानों, रामगढ़वा, रक्सौल, बनकटवा, चिरैया, ढाका, घोड़ासहन, मधुबन, पकड़ीदयाल, पताही, तेतरिया, बंजरिया, कोटवा, मोतिहारी, सुगौली, तुरकौलिया, चकिया, कल्याणपुर, केसरिया, मेहसी, अरेराज, हरसिद्धि, पहाड़पुर एवं संग्रामपुर प्रखंडों की कुल 69 पंचायतों में सहयोग शिविर आयोजित होंगे। उल्लेखनीय है कि फेनहारा एवं पिपराकोठी प्रखंडों के सभी पंचायतों में सहयोग शिविर का आयोजन पहले ही किया जा चुका है।

## गोविंदापुर में खुलेगा आधुनिक शिक्षण संस्थान, प्रबंधन समिति का होगा गठन

**बीएनएम@ मोतिहारी**



एराकी तंजीम मोतिहारी की कार्यसमिति की बैठक रविवार को संगठन के संरक्षक डॉ. मोबीन हाशमी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में संगठन को मजबूत बनाने और समाज कल्याण से जुड़े कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। सबसे अहम निर्णय हरसिद्धि प्रखंड के गोविंदापुर में एक आधुनिक शिक्षण संस्थान खोलने का रहा। बैठक में बताया गया कि संस्थान का उद्देश्य क्षेत्र के विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की बेहतर तैयारी और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का वातावरण उपलब्ध कराना है। संरक्षक डॉ. मोबीन हाशमी ने कहा कि संस्थान को आदर्श रूप में विकसित करने के लिए हर आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराया जाएगा। इसके सुचारु एवं पारदर्शी संचालन के लिए जल्द ही एक प्रबंधन समिति का गठन किया जाएगा। बैठक में जिलाध्यक्ष औरंगजेब आलम, सचिव इंजीनियर मोहसिन आलम, संयुक्त सचिव मोहम्मद अमानुल्लाह, कोषाध्यक्ष एजाज अफजल, संरक्षक ई. फखरे आलम, खुर्शीद अनवर (अधिवक्ता), मोहम्मद शाहिद (फिरोज), शकील अहमद, डॉ. इम्तियाज आलम, मोहम्मद आरिफ आलम, मुज्तबा कमाल सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। बैठक की शुरुआत में संस्था के संयुक्त सचिव मोहम्मद अमानुल्लाह एवं उनके पिता मौलाना रेयाज अहमद का हज यात्रा से सकुशल लौटने पर फूल-मालाओं से स्वागत कर शुभकामनाएं दी गईं।

## ग्रामीण युवाओं व युवतियों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में आरसेटी की सशक्त पहल

**12 दिवसीय आवासीय पशुपालन एवं बकरी पालन प्रशिक्षण कार्यक्रम का हो रहा है सफल संचालन**

**बीएनएम@ मोतिहारी**



शहर के भवानीपुर जिरात स्थित ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी), मोतिहारी द्वारा ग्रामीण युवाओं एवं महिलाओं को स्वरोजगार के लिए सक्षम बनाने के उद्देश्य से 12 दिवसीय आवासीय पशुपालन एवं बकरी पालन प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक संचालन किया जा रहा है। प्रशिक्षण में जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए प्रतिभागियों को आधुनिक पशुपालन, वैज्ञानिक बकरी पालन, पशु स्वास्थ्य प्रबंधन, संतुलित पोषण, टीकाकरण, वर्मी कंपोस्ट उत्पादन, कृत्रिम गर्भाधान व प्राकृतिक गर्भाधान, व्यवसाय प्रबंधन तथा आय सृजन के व्यावहारिक पहलुओं की विस्तृत जानकारी दी जा रही है। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन अनुभवी प्रशिक्षक नीरव आनंद एवं संजय कुमार के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। प्रतिभागियों को सैद्धांतिक ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक प्रशिक्षण भी प्रदान किया जा रहा है, ताकि प्रशिक्षण पूर्ण होने के बाद वे स्वयं का सफल उद्यम स्थापित कर आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन सकें। इस अवसर पर सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया आरसेटी के डायरेक्टर बिपिन कुमार ने कहा, "ग्रामीण क्षेत्रों में स्वरोजगार की अपार संभावनाएं हैं। पशुपालन एवं बकरी पालन कम लागत में अधिक आय देने वाला ऐसा व्यवसाय है, जो ग्रामीण परिवारों की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। आरसेटी का उद्देश्य केवल प्रशिक्षण देना नहीं, बल्कि प्रशिक्षुओं को सफल उद्यमी के रूप में स्थापित करना है। संस्थान प्रशिक्षण के साथ-साथ बैंकिंग, वित्तीय साक्षरता, सरकारी योजनाओं की जानकारी तथा उद्यम स्थापना से संबंधित आवश्यक मार्गदर्शन भी उपलब्ध कराता है। निदेशक श्री कुमार ने कहा कि हमें विश्वास है कि यह प्रशिक्षण प्रतिभागियों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने के साथ-साथ जिले में रोजगार सृजन और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती प्रदान करेगा।" सेंट आरसेटी द्वारा समय-समय पर विभिन्न रोजगारोन्मुखी एवं कौशल विकास आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है, ताकि अधिकाधिक ग्रामीण युवाओं एवं महिलाओं को स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जा सकें और वे आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भागीदारी निभा सकें।

## ग्राहकों की ईएमआई हड़पने का आरोप, पूर्व रिलेशनशिप ऑफिसर पर 1.82 लाख की धोखाधड़ी का केस

**बीएनएम@ मोतिहारी**

ग्राहकों से वसूली गई ईएमआई की राशि कंपनी के खाते में जमा करने के बजाय कथित रूप से गबन करने के आरोप में एक निजी वित्तीय परामर्श कंपनी के पूर्व रिलेशनशिप ऑफिसर के खिलाफ छतौनी थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है। कंपनी की आंतरिक जांच में 1.82 लाख रुपये से अधिक की वित्तीय अनियमितता सामने आने के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। शाखा प्रबंधक धर्मेंद्र कुमार ने पुलिस को दिए आवेदन में बताया है कि न्यू ऑपर्च्युनिटी कंसल्टेंसी प्राइवेट लिमिटेड विभिन्न बैंकों के समन्वय से स्वयं सहायता समूहों और ग्रामीण ग्राहकों को ऋण उपलब्ध कराती है। कंपनी में रिलेशनशिप ऑफिसर के पद पर कार्यरत रहे केसरिया निवासी चंदन कुमार पर आरोप है कि उन्होंने ग्राहकों से नकद वसूली गई ईएमआई की राशि कंपनी के खाते में जमा नहीं की और उसका गबन कर लिया। कंपनी की जांच में 1.82 लाख रुपये से अधिक की राशि का कथित गबन सामने आया। इसके कारण कई ग्राहकों के ऋण खाते एनपीए हो गए, जिससे उन्हें अन्य वित्तीय संस्थानों से नया ऋण लेने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। छतौनी थाना पुलिस ने आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। थानाध्यक्ष अमित कुमार सिंह ने बताया कि सभी बिंदुओं की जांच की जा रही है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## 48 घंटे में चोरी की स्कॉर्पियो बरामद, मधुबनी से मिली गाड़ी

**बीएनएम@ मोतिहारी**

पिपराकोठी थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चोरी की गई स्कॉर्पियो को महज 48 घंटे के भीतर बरामद कर लिया। पुलिस ने तकनीकी और भौतिक साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई करते हुए वाहन को मधुबनी जिले के खुटौना थाना क्षेत्र से बरामद किया। हालांकि, चोरी में शामिल आरोपित अभी फरार हैं और उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। जानकारी के अनुसार, 3 जुलाई 2026 की सुबह जीवधारा क्षेत्र से सफेद रंग की स्कॉर्पियो (BR05PA-6188) चोरी हो गई थी। मामले में पिपराकोठी थाना कांड संख्या 362/26 दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की। अनुसंधान के दौरान मिले तकनीकी एवं भौतिक साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने मधुबनी जिले के खुटौना थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम इकरसठ स्थित जामा मस्जिद के समीप से वाहन बरामद कर लिया। बरामदगी अभियान का नेतृत्व थानाध्यक्ष ब्रजेश कुमार सिंह ने किया। टीम में पुलिस अवर निरीक्षक शाहिल कुमार, शशि भूषण कुमार, ज्योति महतो तथा पिपराकोठी थाना के सशस्त्र बल के जवान शामिल थे। एसपी स्वर्ण प्रभात ने बताया कि चोरी में शामिल सभी आरोपितों की पहचान कर ली गई है और उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है।

## कायस्थ शक्ति मोर्चा ने मनाया विवेकानंद पुनर्वासन दिवस

**बीएनएम@ मोतिहारी**




कायस्थ शक्ति मोर्चा (KSM) की ओर से स्वामी विवेकानंद के पुनर्वासन दिवस के अवसर पर एआरके सॉल्यूशन प्राइवेट सर्विसेज (ARK Group), ग्रेटर नोएडा में श्रद्धांजलि सभा एवं विचार-संगोष्ठी का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम की अध्यक्षता मोर्चा के अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव ने की। कार्यक्रम में सह-संस्थापक ऋषभ श्रीवास्तव ने युवाओं से स्वामी विवेकानंद के विचारों और आदर्शों को जीवन में अपनाने का आह्वान करते हुए समाज के महापुरुषों के आदर्शों को जमीनी स्तर पर लागू करने की आवश्यकता पर बल दिया। इस अवसर पर अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव ने संगठन की एक मैगजीन प्रारंभ करने का प्रस्ताव रखा, जिसे उपस्थित सदस्यों ने सर्वसम्मति से मंजूरी दी। राष्ट्रीय मंत्री एवं संचार प्रभारी ब्रज श्रीवास्तव ने स्वामी विवेकानंद की प्रसिद्ध कविता "To the Fourth of July" का हिंदी रूपांतरण प्रस्तुत कर उसके संदेश पर प्रकाश डाला। वहीं, उत्तर प्रदेश के प्रदेश संयोजक रोहित वर्मा ने युवाओं से स्वामी जी के आदर्शों पर चलकर समाज को संगठित करने का आह्वान किया। वक्ताओं ने स्वामी विवेकानंद के जीवन-दर्शन, राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान तथा युवा पीढ़ी के लिए उनके प्रेरक संदेशों पर विस्तार से विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में समाज के गणमान्य नागरिकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा स्वामी विवेकानंद के आदर्शों को जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर अमित श्रीवास्तव, ऋषभ श्रीवास्तव, ब्रज श्रीवास्तव, रोहित वर्मा, अतुल कुमार श्रीवास्तव, मनीष श्रीवास्तव, आदर्श श्रीवास्तव, अमित कुमार, नवनीत श्रीवास्तव सहित अनेक सदस्यों ने स्वामी विवेकानंद को श्रद्धासुमन अर्पित किए।संगठन के पदाधिकारियों ने बताया कि समाज में एकजुटता, सेवा और संस्कार की भावना को सशक्त बनाने के उद्देश्य से भविष्य में भी ऐसे प्रेरणादायी कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे। कार्यक्रम का समापन श्रद्धांजलि एवं धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

## संक्षिप्त समाचार

### हत्या और जहरीली शराब कांड के 6 आरोपियों पर एसपी ने घोषित किया इनाम

**बीएनएम@ तुरकौलिया।** पूर्वी चंपारण के पुलिस अधीक्षक ने जहरीली शराब कांड और हत्या के मामलों में फरार आरोपियों की गिरफ्तारी तेज करने के लिए छह आरोपियों पर कुल 14 हजार रुपये के इनाम की घोषणा की है। इनाम की घोषणा के बाद पुलिस ने इन आरोपियों की तलाश और तेज कर दी है। जहरीली शराब कांड में रघुनाथपुर थाना क्षेत्र के बालगंगा निवासी संजीत कुमार, आकाश साह तथा हरदिया निवासी देवेंद्र सहनी पर दो-दो हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया है। हालांकि इनमें से देवेंद्र सहनी को पुलिस एक दिन पहले गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज चुकी है। वहीं हत्या के मामलों में फरार रघुनाथपुर निवासी सुधीर सहनी पर तीन हजार रुपये तथा पिपरा थाना क्षेत्र के बंगरी निवासी सुजय पांडेय पर पांच हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया है। बताया गया कि वर्ष 2025 में रघुनाथपुर निवासी मुस्तफा अंसारी की चाकू मारकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में आरोपी सुधीर सहनी अब भी फरार है। वहीं वर्ष 2014 के एक हत्या मामले में नामजद आरोपी सुजय पांडेय भी लंबे समय से पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात ने कहा कि इन आरोपियों के संबंध में सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी। साथ ही आरोपी की गिरफ्तारी में सहयोग करने वाले को घोषित इनाम की राशि भी प्रदान की जाएगी।

### भादा मुख्य नहर से मिले शव की हुई पहचान, पहाड़पुर के रामनाथ महतो निकला मृतक

**बीएनएम@ हरसिद्धि।** थाना क्षेत्र के भादा मुख्य नहर के 443 आरडी स्थित मुख्य गेट के पूर्वी हिस्से से शनिवार को बरामद अज्ञात अधेड़ व्यक्ति के शव की पहचान हो गई है। मृतक की पहचान पहाड़पुर थाना क्षेत्र के पकड़िया नौनया गांव निवासी रामनाथ महतो के रूप में हुई है। शनिवार को ग्रामीणों ने नहर के गहरे पानी में शव को तैरता देखा था। सूचना मिलने पर हरसिद्धि थाना पुलिस मौके पर पहुंची और गोताखोरों की मदद से शव को बाहर निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, मोतिहारी भेज दिया था। उस समय शव की पहचान नहीं हो सकी थी। अब पुलिस ने शव की पहचान रामनाथ महतो के रूप में कर ली है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है तथा यह पता लगाया जा रहा है कि उनकी मौत किन परिस्थितियों में हुई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### सम्राट चौधरी सरकार के टैक्स फरमान के खिलाफ कांग्रेस का हल्ला बोल

**आज होगा विरोध प्रदर्शन**

**बीएनएम@ गयाजी।** बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश प्रतिनिधि प्रोफेसर विजय कुमार मिट्ठू ने राज्य सरकार की नई टैक्स नीति की कड़ी निंदा की है। उन्होंने सम्राट चौधरी सरकार पर वित्तीय संकट के नाम पर आम जनता पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डालने का आरोप लगाते हुए इसे 'तुगलकी फरमान' करार दिया है। प्रोफेसर मिट्ठू ने कहा कि पहले से ही जनता राजमार्गों और पुलों के टैक्स से त्रस्त है, और अब राज्यस्तरीय सड़कों (SH) पर 1.25 रुपये से 8.10 रुपये प्रति किलोमीटर टोल तथा ग्रामीण घरों से 1200 रुपये वार्षिक होल्डिंग टैक्स वसूलने की घोषणा अन्यायपूर्ण है।उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार जमीन रजिस्ट्री, वाहन पंजीकरण, लाइसेंस और एनजीओ शुल्क पहले ही कई गुना बढ़ा चुकी है। अब सड़कों और ग्रामीण घरों पर नया टैक्स लगाकर सरकार 'जले पर नमक छिड़कने' का काम कर रही है। प्रोफेसर मिट्ठू ने स्पष्ट किया कि कांग्रेस पार्टी इस फैसले को किसी भी सूरत में लागू नहीं होने देगी और इसे लेकर सड़क से सदन तक संघर्ष करेगी।इस जनविरोधी फैसले के खिलाफ कांग्रेस पार्टी चरणबद्ध आंदोलन शुरू करने जा रही है। विरोध के प्रथम चरण में 6 जुलाई 2026 को शाम 3:30 बजे स्थानीय टावर चौक पर मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी का पुतला दहन किया जाएगा। साथ ही, पार्टी इस मुद्दे को लेकर घर-घर जाकर जन-जागरण अभियान चलाएगी ताकि आम जनता को इस बढ़ते बोझ के प्रति जागरूक किया जा सके और सरकार को अपना निर्णय वापस लेने के लिए मजबूर किया जा सके।

### अंदौर हाई स्कूल में पुस्तकालय भवन की मांग

**भावी प्रत्याशी अविनाश झा ने पूर्व मंत्री से की मुलाकात**

**बीएनएम@ समस्तीपुरः** मोहिउद्दीननगर के विश्वनाथ राम बहादुर सिंह उच्च माध्यमिक विद्यालय, अंदौर में पुस्तकालय भवन के निर्माण की मांग जोर पकड़ रही है। इस संबंध में जिला परिषद क्षेत्र संख्या-22 के भावी प्रत्याशी अविनाश झा ने शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से निर्वाचित विधान पार्षद एवं पूर्व मंत्री डॉ. मदन मोहन झा से भेंट की। अविनाश झा ने बताया कि विद्यालय में पुस्तकालय का अभाव छात्रों की शैक्षणिक प्रगति में बाधक बन रहा है। उन्होंने जोर दिया कि ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षाओं की बेहतर तैयारी के लिए पुस्तकालय जैसी बुनियादी सुविधाएं मिलना अनिवार्य है।डॉ. मदन मोहन झा ने इस मांग को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए सकारात्मक आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षा क्षेत्र के विकास की नींव है और छात्रों को बेहतर माहौल देना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने पुस्तकालय भवन निर्माण के लिए हर संभव प्रयास करने का भरोसा दिलाया। इस पहल से स्थानीय शिक्षा व्यवस्था में सुधार की उम्मीद जगी है। लोगों का मानना है कि पुस्तकालय बनने से विद्यार्थियों को ज्ञानार्जन के लिए समृद्ध वातावरण मिलेगा, जिससे क्षेत्र में शैक्षणिक संसाधनों का विस्तार होगा।



### सामाजिक न्याय की लड़ाई को और धार देने की तैयारी में राजद

**समस्तीपुर में राजद ने मनाया 30वां स्थापना दिवस**

**बीएनएम@ समस्तीपुरः** रविवार को शहर के कर्पूरी सभागार में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) का 30वां स्थापना दिवस अत्यंत हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। पूर्व विधान पार्षद व जिलाध्यक्ष रोमा भारती की अध्यक्षता में आयोजित इस भव्य समारोह में जिले भर से भारी संख्या में कार्यकर्ता और वरिष्ठ नेता शामिल हुए। कार्यक्रम में पार्टी की तीन दशकों की गौरवशाली यात्रा, सामाजिक न्याय के लिए किए गए संघर्षों और गरीबों, किसानों व वंचित वर्गों के अधिकारों के लिए निभाई गई निर्णायक भूमिका को याद किया गया।समारोह के दौरान आलोक कुमार मेहता, निरंजन राय और रणविजय साहू सहित कई प्रमुख नेताओं ने आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर कार्यकर्ताओं में नया जोश भरा। नेताओं ने संगठन को बूथ स्तर तक सशक्त बनाने का आह्वान करते हुए कहा कि पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुँचाना और सरकार की जनविरोधी नीतियों को उजागर करना प्रत्येक कार्यकर्ता का दायित्व है। कार्यक्रम के अंत में संगठनात्मक एकजुटता का संदेश देते हुए सभी ने पार्टी को और अधिक मजबूती प्रदान करने तथा सामाजिक न्याय की विचारधारा को निरंतर आगे बढ़ाने का दृढ़ संकल्प लिया। यह आयोजन राजद की चुनावी तैयारियों और कार्यकर्ताओं की सक्रियता का स्पष्ट प्रदर्शन रहा।

### बाइक सवार को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर

**तीन बच्चों सहित चार घायल**

**बीएनएम@ शेखपुरा.** हथियामा थाना क्षेत्र के पछापुर गांव में रविवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में तीन बच्चों समेत चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल धानो मांझी (बुधौली निवासी) अपने ससुराल आया था और बाइक पर अपने तीन रिश्तेदारों—बीरु कुमार (13 वर्ष), राजू कुमार (12 वर्ष) और रणबीर कुमार (15 वर्ष)—को बैठाकर घुमाने निकला था। जैसे ही वे मुख्य सड़क पर पहुंचे, एक अज्ञात बाइक सवार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। घटना के बाद चारों सड़क पर गिर गए, जिसके बाद स्थानीय ग्रामीणों की मदद से उन्हें तुरंत शेखपुरा सदर अस्पताल पहुंचाया गया। परिजन मुन्नी देवी ने बताया कि धानो मांझी की स्थिति काफी चिंताजनक बनी हुई है। फिलहाल, शेखपुरा सदर अस्पताल में चिकित्सकों की देखरेख में सभी घायलों का इलाज चल रहा है। इस दुर्घटना के बाद गांव में शोक का माहौल है और पुलिस घटना की जांच में जुट गई है।

# स्वतंत्रता सेनानी कमला प्रसाद श्रीवास्तव व रामरती देवी की स्मृति में आयोजित हुआ राष्ट्रीय मासिक कार्यक्रम

**बीएनएम@ मोतिहारी**





स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी परिवार समिति के तत्वावधान में राष्ट्रीय मासिक कार्यक्रम "10 बजे, 10 मिनट—स्वतंत्रता सेनानी एवं शहीदों को याद करो" का आयोजन नगर के कोलहुअरवा मोहल्ला स्थित महान स्वतंत्रता सेनानी कमला प्रसाद श्रीवास्तव एवं उनकी धर्मपत्नी रामरती देवी की स्मृति को समर्पित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत वरिष्ठ अधिवक्ता एवं सेनानी उत्तराधिकारी अजय कुमार श्रीवास्तव द्वारा ध्वजारोहण से हुई। इसके बाद सभी उपस्थित लोगों ने सामूहिक रूप से राष्ट्रगान गाया तथा स्वतंत्रता सेनानी कमला प्रसाद श्रीवास्तव, रामरती देवी एवं देश के सभी स्वतंत्रता सेनानियों व शहीदों के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। वक्ताओं ने बताया कि चंपारण सत्याग्रह के दौरान 13 नवंबर 1917 को महात्मा गांधी ने बरहरवा लखनसेन गांव में देश की पहली बुनियादी पाठशाला की स्थापना की थी। इस विद्यालय के लिए बख्शी शिव गुलाम लाल ने भूमि दान दी थी तथा कमला प्रसाद श्रीवास्तव इस विद्यालय के प्रथम विद्यार्थी थे, जिनका नामांकन स्वयं महात्मा गांधी ने अपनी कलम से किया था। अध्ययन के दौरान ही वे सत्याग्रह आंदोलन में शामिल हो गए और कई बार जेल की यातनाएं भी झेलीं। चंपारण के स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान पर आयोजित विचार गोष्ठी की अध्यक्षता पूर्व प्राचार्य प्रो. खुश नंदन सिंह ने की, जबकि कार्यक्रम का संचालन समिति के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अशोक वर्मा ने किया। अतिथियों का स्वागत जिला अध्यक्ष कौशल किशोर पाठक ने किया। अपने संबोधन में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अशोक वर्मा ने कहा कि स्वतंत्रता सेनानियों के सपनों को साकार करने के लिए सेनानी परिवार अब संगठित होकर कार्य कर रहे हैं। ध्रुव त्रिवेदी और डॉ. चंदन ने चंपारण के गौरवशाली इतिहास पर विस्तार से प्रकाश डाला। देवव्रत श्रीवास्तव एवं अजय श्रीवास्तव ने अपने पिता स्वतंत्रता सेनानी कमला प्रसाद श्रीवास्तव के योगदान को याद किया। सत्याग्रह पॉइंट के संस्थापक संजीव शाह ने कहा कि सेनानी परिवारों को जिले के सभी स्वतंत्रता सेनानी परिवारों से संपर्क स्थापित कर उनकी समस्याओं के समाधान के लिए सामूहिक प्रयास करना चाहिए। कार्यक्रम को कौशल किशोर श्रीवास्तव, उमेश सिंह, सिद्धार्थ वर्मा, चंचल कुमार सहित अन्य वक्ताओं ने भी संबोधित किया।

## सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ आंदोलन का शंखनाद

» 15 जुलाई को विधानसभा मार्च

**बीएनएम@ शेखपुरा**



रविवार को स्टेशन रोड स्थित कार्यानंद शर्मा भवन में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) की जिला परिषद की बैठक चंद्र भूषण प्रसाद की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस बैठक में केंद्र और राज्य सरकार की नीतियों के विरोध में आंदोलन को और तेज करने का निर्णय लिया गया। मुख्य वक्ता के रूप में भाकपा के राज्य सचिव मंडल सदस्य इरफान अहमद फातमी ने सरकार पर महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, पेपर लीक और बढ़ते अपराध पर पूरी तरह विफल रहने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि वर्तमान शासन में गरीबों, किसानों, मजदूरों और छोटे दुकानदारों के अधिकारों का लगातार दमन हो रहा है।भाकपा ने आगामी कार्यक्रमों की घोषणा करते हुए बताया कि 15 जुलाई को विभिन्न जनसंगठनों के आह्वान पर पटना में आयोजित 'विधानसभा मार्च' में पार्टी सक्रिय भूमिका निभाएगी। इसके अतिरिक्त, 6 से 15 अगस्त तक गांव-गांव पदयात्रा निकालकर जनता को सरकार की विफलताओं से अवगत कराया जाएगा और 1 सितंबर को दिल्ली में एक विशाल रैली का आयोजन होगा। फातमी ने रिशुश्री मामले की जांच उच्च न्यायालय की निगरानी में सीबीआई से कराने की पुरजोर मांग उठाई। जिला सचिव प्रभात कुमार पांडेय ने जानकारी दी कि किसान सभा, खेत मजदूर यूनियन, महिला समाज, एआईवाईएफ और एआईएसएफ जैसे तमाम संगठन इस आंदोलन में एकजुट हैं। बैठक में जिला परिषद के सदस्यों ने बड़ी संख्या में भाग लेकर जनहित के मुद्दों पर संघर्ष जारी रखने का संकल्प लिया।

## लॉयंस क्लब के 'जीरिएट्रीक क्लीनिक' में 65 बुजुर्गों की हुई निःशुल्क जांच

» हृदय रोग समेत कई बीमारियों की हुई जांच

**बीएनएम@ गयाजी**



शहर के आईएमए हॉल में लॉयंस क्लब गयाजी के तत्वावधान में "जीरिएट्रीक क्लीनिक" (वृद्धावस्था चिकित्सा शिविर) का सफल आयोजन किया गया। लायन डॉ. नन्द किशोर गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित इस निःशुल्क चिकित्सा शिविर में कुल 65 रोगियों की स्वास्थ्य जांच कर उन्हें विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा परामर्श और निःशुल्क दवाएं उपलब्ध कराई गईं। शिविर में हृदय रोगियों की सुविधा के लिए ईसीजी की विशेष व्यवस्था की गई थी, साथ ही फिजियोथेरेपी और दंत चिकित्सा के विशेषज्ञों ने भी अपनी सेवाएं प्रदान कीं। इस कार्यक्रम के दौरान "डॉक्टर्स डे" के उपलक्ष्य में उपस्थित सभी चिकित्सकों को सम्मानित किया गया। इस पुनीत कार्य में डॉ. अभिषेक सिंह, डॉ. चंद्र किरण, डॉ. अभय सिंबा, डॉ. राजेंद्र प्रसाद, डॉ. श्रेया, डॉ. नन्द किशोर गुप्ता, डॉ. उमेश कुमार, डॉ. सुधा कुमारी, डॉ. रामभजन प्रसाद, डॉ. रोहित सिंह, डॉ. अभिषेक मृणाल, डॉ. अनुपम चौरसिया, डॉ. के. के. क़मर, डॉ. पूर्णेंदु शेखर और डॉ. गौतम कुमार सहित कई विशेषज्ञों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। चिकित्सकीय दल को अजय कुमार, ललन प्रसाद, राजू कुमार और पप्पू कुमार जैसे समर्पित पैरामेडिक स्टाफ का पूर्ण सहयोग प्राप्त हुआ। इस अवसर पर लॉयंस क्लब के अध्यक्ष लायन विनय सिन्हा, लायन मनोरंजन अग्रवाल, लायन अजय कुमार, लायन संदीप कुमार, लायन राजीव शर्मा और लायन पी. बी. चरण सहित क्लब के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के सफल संचालन और इसकी संपूर्ण जानकारी सचिव डॉ. तनवीर उस्मानी द्वारा दी गई। यह शिविर वृद्धजनों की स्वास्थ्य समस्याओं के समाधान और मानवीय सेवा का एक सराहनीय उदाहरण बना।

## कदाचारमुक्त परीक्षा के लिए प्रशासन अलर्ट

» 9 केंद्रों पर तैनात रहेंगे दंडाधिकारी और पुलिस बल

**बीएनएम@ शेखपुरा**



अखिल भारतीय व्यावसायिक परीक्षा (आईटीआई) जुलाई-2026 के शांतिपूर्ण और कदाचारमुक्त आयोजन सुनिश्चित करने के लिए शनिवार को अनुमंडल कार्यालय में एक उच्च-स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीएम) प्रियंका कुमारी की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में सभी प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों और पुलिस अधिकारियों ने भाग लिया। परीक्षा 6 से 10 जुलाई 2026 तक दो पालियों—सुबह 9:30 से दोपहर 1:00 बजे और दोपहर 1:30 से शाम 6:00 बजे तक—में जिले के 9 निर्धारित केंद्रों पर आयोजित की जाएगी।एसडीएम प्रियंका कुमारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी केंद्र अधीक्षक और दंडाधिकारी समय से पूर्व केंद्रों पर पहुंचकर भौतिक सत्यापन सुनिश्चित करें। उन्होंने प्रत्येक परीक्षार्थी की सघन जांच करने और कदाचार के प्रति 'जीरो टॉलरेंस' नीति अपनाने का आदेश दिया। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी डॉ. राकेश कुमार ने सुरक्षा व्यवस्था पर जोर देते हुए असामाजिक तत्वों पर पैनी नजर रखने और परीक्षा की पवित्रता बनाए रखने को कहा। परीक्षा के सफल संचालन हेतु केंद्रों पर पुलिस बल की पर्याप्त तैनाती की गई है और संवेदनशील केंद्रों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। प्रशासन ने सभी अधिकारियों को विभागीय निर्देशों का कड़ाई से पालन करने का निर्देश दिया है ताकि परीक्षा किसी भी व्यवधान के बिना संपन्न हो सके।

## राजद के 30वें स्थापना दिवस पर लालू प्रसाद का संदेश, सामाजिक न्याय और संविधान की रक्षा का किया आह्वान

**बीएनएम@ पटना**

राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के 30वें स्थापना दिवस पर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद ने बिहार की जनता और पार्टी कार्यकर्ताओं के नाम संदेश जारी किया। उन्होंने कहा कि 5 जुलाई 1997 को गरीबों, शोषितों, वंचितों, पिछड़ों और अल्पसंख्यकों के अधिकारों की लड़ाई को मजबूत करने के उद्देश्य से राजद की स्थापना की गई थी। अपने संदेश में लालू प्रसाद ने कहा कि पिछले तीन दशकों में पार्टी ने सामाजिक न्याय, समानता और समावेशी विकास के लिए लगातार संघर्ष किया है। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं के त्याग, समर्पण और मेहनत की सराहना करते हुए कहा कि इन्हीं के बल पर राजद लगातार मजबूत हुआ है। उन्होंने कहा कि राजद की राजनीति समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाने, सामाजिक एवं आर्थिक गैरबराबरी समाप्त करने तथा संविधान के मूल्यों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने दावा किया कि आज लोकतांत्रिक संस्थाओं और संवैधानिक मूल्यों के सामने कई चुनौतियां खड़ी हैं, जिनका लोकतांत्रिक तरीके से मुकाबला करना जरूरी है। लालू प्रसाद ने पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं से जनता के बीच लगातार सक्रिय रहने, उनके मुद्दों को संसद से लेकर सड़क तक मजबूती से उठाने और सामाजिक न्याय की लड़ाई को आगे बढ़ाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि राजद का 30वां स्थापना दिवस बिहार के सभी जिलों में उत्साहपूर्वक मनाया जा रहा है, जिसमें बड़ी संख्या में पार्टी नेता और कार्यकर्ता शामिल हो रहे हैं। उन्होंने स्थापना दिवस के अवसर पर सभी कार्यकर्ताओं और समर्थकों को शुभकामनाएं देते हुए "जय राजद, जय हिंद, जय भारत" का संदेश दिया।

## 8 अगस्त से शुरू होगा 'सुरेश शर्मा मेमोरियल डबल बुलेट क्रिकेट कप



» फ्लडलाइट में दिखेगा खिलाड़ियों का जलवा

**बीएनएम@ समस्तीपुर**

क्रिकेट प्रेमियों के लिए बड़ी खुशखबरी है। पटोरी के जननायक कर्पूरी ठाकुर स्टेडियम में 8 अगस्त 2026 से पहली बार अंतरराष्ट्रीय तर्ज पर भव्य नाइट अंतरराज्यीय क्रिकेट टूर्नामेंट का आगाज होने जा रहा है। 'सुरेश शर्मा मेमोरियल डबल बुलेट क्रिकेट कप' के बैनर तले आयोजित इस प्रतियोगिता में बिहार, उत्तर प्रदेश, झारखंड और पश्चिम बंगाल की कुल 16 टीमें हिस्सा लेंगी। फ्लडलाइट की चकाचौंध में खेले जाने वाले इस टूर्नामेंट को लेकर क्षेत्र के युवाओं और खेल प्रेमियों में भारी उत्साह है।आयोजन समिति ने टूर्नामेंट को यादगार बनाने के लिए व्यापक तैयारियां की हैं, जिसमें सुरक्षा, प्रकाश व्यवस्था और दर्शकों के बैठने का विशेष प्रबंध शामिल है। आयोजन को और आकर्षक बनाने के लिए समिति ने मात्र 10 रुपये का कूपन रखा है, जिससे दर्शक रोमांचक पुरस्कार भी जीत सकेंगे। साथ ही, यह टूर्नामेंट स्थानीय व्यवसायियों के लिए प्रचार का बेहतरीन अवसर लेकर आया है। समिति ने क्षेत्र के सभी खेल समर्थकों से 8 अगस्त को शाम 4 बजे स्टेडियम पहुंचकर इस ऐतिहासिक आयोजन को सफल बनाने की अपील की है। यह प्रतियोगिता न केवल खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का एक बड़ा मंच प्रदान करेगी, बल्कि पटोरी को खेल के नक्शे पर एक नई पहचान भी दिलाएगी।

## घरेलू कलह में विवाहिता की संदिग्ध मौत, जाँच में जुटी पुलिस

» पति ने लगाए प्रताड़ना के आरोप, आरोपी पक्ष फरार
» पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतज़ार

**बीएनएम@ समस्तीपुर**



समस्तीपुर मोहिउद्दीन नगर थाना क्षेत्र के सिवैसिंहपुर पंचायत के वार्ड संख्या-14 में शनिवार देर रात 26 वर्षीय विवाहिता सपना कुमारी द्वारा फंदे से लटककर आत्महत्या कर लेने की घटना से पूरे इलाके में शोक और सनसनी फैल गई। मृतका राजीव पासवान की पत्नी थी। सूचना मिलते ही अपर थानाध्यक्ष अन्नू सिंह, पुलिस निरीक्षक पवन कुमार और एसआई रामकुमार ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच शुरू की। पति राजीव पासवान ने आरोप लगाया है कि बड़े भाई विनय पासवान और भाभी प्रियंका देवी के साथ चल रहे लंबे घरेलू विवाद और मानसिक तनाव के कारण उनकी पत्नी ने यह आत्मघाती कदम उठाया। पति ने पड़ोस के दो अन्य लोगों पर भी सपना को मानसिक रूप से प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। घटना के बाद आरोपी पक्ष के घरों पर ताला लटका मिला और वे फरार बताए जा रहे हैं। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए समस्तीपुर सदर अस्पताल भेज दिया है। थानाध्यक्ष सचिन कुमार ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस सभी पहलुओं—परिजन के आवेदन, गवाहों के बयान और पोस्टमार्टम रिपोर्ट—की बारीकी से जांच कर रही है। फिलहाल पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है ताकि मृत्यु के वास्तविक कारणों की पुष्टि हो सके। इस दुखद घटना ने पूरे गांव को झकझोर कर रख दिया है और पुलिस अब उन परिस्थितियों का पता लगाने में जुटी है, जिनके कारण एक युवा विवाहिता को आत्महत्या जैसे चरम कदम के लिए विवश होना पड़ा।

# अनुसंधान परिवेश की कमजोरियां

क्या अपनी खास जरूरतों के मुताबिक एआई का संप्रभु सिस्टम एवं प्रतिमान विकसित करने की दिशा में भारत बढ़ रहा है? जियो का प्रस्तावित 'संप्रभु एआई बैकबॉनó क्या इस कमी को पूरा कर पाएगा? रिलायंस जियो ने भारत की संप्रभु आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) रीढ़ निर्मित करने का इरादा जताया है। कंपनी की 49वीं वार्षिक आम बैठक में प्रबंधक निदेशक मुकेश अंबानी ने जियो के उपभोक्ताओं के लिए जियो कॉल-एजेंट और एआई संचालित माई-जियो ऐप लॉन्च करने की घोषणा भी की। रिलायंस साधन संपन्न कंपनी है। अतीत में उपभोक्ता अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में लीक से हट कर नई पहल करने और उनमें बड़ी कामयाबियां हासिल करने में वह सफल रही है। इस रिकॉर्ड को देखते हुए लाजिमी है कि उसके हर एलान से लोगों गहरी दिलचस्पी पैदा होती है। कॉल-एजेंट 'हे जियोó कहने भर से कॉल ट्रांसक्रिप्शन, सारांश, एक्शन आइटम, रिमाइंडर, मीटिंग नोट्स, राइड बुकिंग, फूड ऑर्डर, टेबल रिज़र्वेशन आदि जैसी सेवाएं देगा। इसका इस्तेमाल भारत की सभी भाषाओं में किया जा सकेगा। बहरहाल, यह कोई नई राह बनाने वाली बात नहीं है। यह पहल इस समझ के अनुरूप ही है कि भारत एआई यूज़र्स के सबसे बड़े बाजार के रूप में उभर सकता है। असल मुद्दा यह है कि क्या अपनी खास जरूरतों के मुताबिक एआई का संप्रभु सिस्टम एवं प्रतिमान विकसित करने की दिशा में भारत बढ़ रहा है? जियो का प्रस्तावित 'संप्रभु एआई बैकबॉनó क्या इस कमी को पूरा कर पाएगा? रिलायंस ने जामनगर में स्थित डेटा सेंटर, कच्छ स्थित क्लीन एनर्जी हब, एनविडिया के जीबी-300 चिप आधारित जीपीयू के उत्पादन आदि की योजना के जरिए इस दिशा में महत्त्वपूर्ण दावा किया है। लेकिन कंपनी यह दावा तभी पूरा कर सकेगी, अगर वह डेटा सेंटर के साथ-साथ एआई हार्डवेयर उत्पादन का भी स्वदेशी ढांचा खड़ा करे। एनवीडिया के चिप संप्रभु होने की गुंजाइश नहीं देते। उन पर अमेरिकी सरकार का नियंत्रण बना रहता है, जैसाकि चीन के मामले में जाहिर हुआ था। फिर रिलायंस की अमेरिकी कंपनी मेटा के साथ गहरी रणनीतिक साझेदारी है। अब तक रिलायंस हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर के मामले बाहर से आयात और मोटे तौर पर अमेरिकी प्रतिमानों पर निर्भर रही है। देश में तकनीक इन्फ्रास्ट्रक्चर और अनुसंधान परिवेश की कमजोरियां भी इसकी एक बड़ी वजह हैं। क्या अब अपने बड़े इरादे के बूते रिलायंस इनसे उबर पाएगी, यह अहम सवाल है?

# भारत ने सबसे बड़े ऊर्जा संकट का कैसे सामना किया

**हरदीप सिंह पुरी**

जब फरवरी के अंत में होर्मुज की खाड़ी बंद हुई, तो भारत सरकार ने एक प्राथमिकता का चयन किया - हमारे देश के नागरिकों, विशेष रूप से सबसे कमजोर समुदायों, को अभूतपूर्व आपूर्ति और मूल्य व्यवधानों से सुरक्षित रखना। इस प्राथमिकता के आस-पास ही अन्य प्रयास किये जाने थे। यह भावना खुद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की थी और यह आधुनिक इतिहास के सबसे बड़े ऊर्जा व्यवधान के लगभग चार महीनों तक बनी रही।

तथ्यों के पता चलने से पहले ही भारत को लेकर निर्णय किये जा रहे थेः तर्क यह था कि एक ऐसा देश, जो अपने कच्चे तेल का 85त्न से अधिक आयात करता है, होर्मुज के बंद होने से संभल नहीं पायेगा, जिससे होकर दुनिया का 20-30त्न से अधिक हाइड्रोकार्बन गुजरता है। पेट्रोल पंप में कुछ ही दिनों में तेल ख़त्म हो जाएगा, कीमतें आसमान छुएंगी (जैसे कि कई अन्य देशों में हुआ) और अर्थव्यवस्था ध्वस्त हो जाएगी। आज स्टॉक भरे हुए हैं, पंप खुले हैं, और भारतीय उपभोक्ता ने इस संकट के दौरान ऊर्जा के लिए दुनिया के किसी भी अन्य उपभोक्ता की तुलना में कम भुगतान किया है। यह स्पष्ट करना जरूरी है कि इसे कैसे किया गया और इससे गलत आख्यानों को जवाब भी मिल जाएगा।

28 फरवरी को ईरान पर हमलों से वैश्विक ऊर्जा मानचित्र पर सबसे महत्वपूर्ण मार्ग-खंड बंद हो गया और एलपीजी आपूर्ति ने भारत के लिए सबसे बड़ी चुनौती पेश की, क्योंकि दुनिया में केवल अमेरिका और मध्य पूर्व ही प्रमुख एलपीजी निर्यातक हैं। भारत की लगभग 60त्न एलपीजी पहले मध्य पूर्व से आती थी और यह आपूर्ति तुरंत लगभग शून्य हो गई। फिर आपूर्ति और मांग, दोनों को लेकर एक युद्धकक्ष ऑपरेशन शुरू हुआ, हर कार्गो, हर रिफाइनरी, हर बॉटलिंग प्लांट की निगरानी की गयी, ताकि पूरे देश के सभी रसोईघरों में खाना पकाने के लिए आग जलती रहे। आपूर्ति के संबंध में, 8 मार्च को एलपीजी नियंत्रण आदेश पारित किया गया, जिसके तहत सभी रिफाइनरियों को अपना एलपीजी उत्पादन अधिकतम करने के लिए सभी सी3-सी4 कार्बन स्ट्रीम को बदलने का निर्देश दिया गया। जो रिफाइनरी कभी कुकिंग गैस नहीं बनाती थीं, बदलाव किया गया और उत्पादन 35 टीएमटी प्रति दिन से बढ़कर 54 टीएमटी प्रति दिन हो गया। युद्ध की सर्वाधिक विभीषिका के दौरान, जब होर्मुज से कोई भी जहाज बाहर नहीं निकल रहा था, तब 12 से अधिक भारतीय एलपीजी जहाजें चुपचाप होर्मुज से बिना कोई टोल दिए निकाल दी गईं - किसी भी देश के लिए यह सबसे बड़ी संख्या थी। कार्गो सुरक्षित किए गए तथा यानबू और फुजैरा बंदरगाहों से लाल सागर रास्ते के जरिए कार्गो जहाज-से-जहाज स्थानांतरित किये गये। अमेरिका से कार्गो को सुरक्षित करने की स्थिति में भी खाली जहाज भेजे गए, नए माल लेने के लिए जहाज हॉर्मुज के अंदर भेजे गए तथा अल्जीरिया, जापान और कनाडा जैसे कई देशों के साथ नई आपूर्ति व्यवस्था शुरू की गयी। मैंने हर उस देश के ऊर्जा मंत्री से कई बार बात की, जो एलपीजी निर्यात कर सकता था। मैं यह बात कहना चाहता हूँ कि खाड़ी क्षेत्र के अंदर या बाहर का हर उत्पादक, जिसके साथ हमने व्यापार किया, हमारे साथ खड़ा रहा। हालांकि, आपूर्ति प्रयास का केवल आधा हिस्सा था, क्योंकि मांग को भी प्राथमिकता देना जरूरी था। घरों में जाने वाला रसोई गैस पूरा सुरक्षित रखा गया और इस कीमती आपूर्ति को काले बाज़ारियों से बचाने के लिए डिजिटल सत्यापन कोड अनिवार्य किया गया। हर नागरिक को उनके ज़रूरत के समय सिलेंडर मिलें, लेकिन कोई भी सिलेंडर जमा न कर सके, इसके लिए 25 दिन और 45 दिन की सीमा लगाई गई। चूँकि, वाणिज्यिक सिलेंडरों को नियंत्रित नहीं किया जाता और कोई भी खरीदार उपलब्ध पूरी आपूर्ति एक साथ खरीद सकता था, इसलिए इन्हें उद्योग संघों और राज्य नागरिक आपूर्ति विभागों के माध्यम से भेजा गया, ताकि हर किसी को पर्याप्त मिले और कोई भी जमा न कर सके। उद्योग को पाइप प्राकृतिक गैस अपनाने के लिए कहा गया, बड़े रसोईघरों और प्रतिष्ठानों को अन्य ईंधनों का इस्तेमाल करने के लिए प्रोत्साहित किया गया, जहाँ संभव था और घरेलू पाइप गैस और सीएनजी को बिना कटौती वाले वर्ग में रखा गया। सरकार के सभी विभागों ने मिलकर नगर निगम की शीघ्र मंजूरी के ज़रिए पाइप गैस कनेक्शनों की ओर बदलाव को संभव बनाया। कई उपभोक्ता, जिनमें प्रवासी भी शामिल थे, एजेंट से सिलेंडर खरीदते थे, जो अब डीएसी की शर्तों के कारण सिलेंडर नहीं ला पा रहे थे, इसलिए पूरे देश में 5 किलो का मुफ्त व्यापार सिलेंडर उपलब्ध कराया गया, जब तक इसका इस्तेमाल लगभग दोगुना नहीं हो गया। लोगों में भय पैदा करने वाले और खराब स्थिति बताने वाले झूठी अफवाहें फैलाने लगे और झूठे वीडियो शेयर करने लगे ताकि कमी, घबराहट और अराजकता का माहौल पैदा किया जा सके, जबकि सरकार हर दिन युद्धकक्ष मोड में कई क्रांतिकारी कदम उठा रही थी, ताकि देश में किसी भी जगह आपूर्ति में बाधा न आये। इस सब के पीछे प्रधानमंत्री मोदी का दृढ़ संकल्प था - भारतीय नागरिक को सुरक्षा दी जायेगी चाहे खजाने पर कितना भी बोझ क्यों न पड़े —रूस-यूक्रेन संघर्ष और जीवन को संकट में डालने वाली कोविड चुनौती से पैदा हुए ऊर्जा संकट के दौरान यही 'भारत की राहó रही है। फरवरी और जून के बीच, रसोई गैस के अंतरराष्ट्रीय मानक, सऊदी सी पी, में लगभग 50त्न की वृद्धि हुई, और फिर भी, उस आयात दर पर ?1,600 से अधिक की कीमत वाला सिलेन्डर उज्ज्वला घर तक ?642 में पहुँचा। मोदी सरकार हर उज्ज्वला सिलेंडर पर लगभग ?900 का और हर अन्य घर के लिए जाने वाले सिलेंडर पर करीब ?600 का नुकसान उठाती है, आज सभी भारतीय परिवार अपने रसोई गैस के लिए पाकिस्तान, बांग्लादेश, नेपाल, स्पेन या फ्रांस के घरों की तुलना में बहुत कम भुगतान कर रहे हैं। मार्च में केंद्रीय उत्पाद शुल्क में ?10 प्रति लीटर की कटौती का साहसिक निर्णय लिया गया, जिससे कीमत-वृद्धि में कमी आयी, जबकि कच्चे तेल की कीमत लगभग दोगुनी हो गयी थी और सरकारी तेल कंपनियों ने इस तिमाही में हर दिन 500 से 1000 करोड़ रुपये तक का नुकसान उठाया। इसी अवधि में, अमेरिका में पेट्रोल की कीमत 40त्न से अधिक और ब्रिटेन में करीब 20त्न बढ़ी, जबकि यूरोप के बड़े हिस्से में भी दहाई अंक की वृद्धि हुई, लेकिन भारत में कीमत में लगभग 7त्न की ही वृद्धि हुई। एक और कहानी यह थी कि पूरी अर्थव्यवस्था ध्वस्त हो जाएगी, विदेशी भंडार ख़त्म हो जाएंगे और हमारी आर्थिक संभावनाएँ धुंधली हो जाएंगी। भंडार खुद जवाब देते हैं, जो लगभग 690 बिलियन डॉलर के करीब है। यह संघर्ष शुरू होने के सप्ताह में रिकॉर्ड किये गये उच्चतम दर से केवल थोडा कम है और भारतीय अर्थव्यवस्था ने पिछली तिमाही में 7.8त्न की वृद्धि दर्ज की है। यह कहा गया कि भारत के पास केवल 8 या 9 दिन का भंडार है और उसके पास ज्यादा भंडार रखने की वास्तविक क्षमता नहीं है, यह दावा 1.5 बिलियन लोगों वाली बड़ी ऊर्जा अर्थव्यवस्था के काम करने के तरीके को गलत रूप में समझता है। आप किसी देश को कुछ गुफाओं से नहीं चला सकते, क्योंकि जमीन के भीतर रखी गई ऊर्जा से कुछ भी कमाई नहीं होती और उसे रखने में बहुत ज़्यादा खर्च भी आता है। इसके बजाय आप इसे इम्पोर्ट टर्मिनल, डिपो, पाइपलाइन, रिफाइनरी और पूरे देश में फैले स्टोरेज के सिस्टम के जरिए चलाते हैं, और आज भारत के पास 24 रिफाइनरी हैं, 47,000 किलोमीटर से ज्यादा तेल और गैस की पाइपलाइनें हैं, और 1 लाख से ज्यादा पेट्रोल पंप हैं जो प्रतिदिन करीब 8 करोड़ लोगों की सेवा करते हैं। उस प्रणाली की वास्तविकता की जांच, महाप्रलय का भय दिखाने वाले किसी भविष्यवक्ता की स्लाइड पर दिखाए गए आंकड़े से नहीं होती। असली जांच है - आधुनिक समय के सबसे बड़े ऊर्जा संकट के लगभग चार महीने गुजर जाने के बाद, क्या देश को अपने लोगों पर राशनिंग लागू करनी पड़ी, क्या ईंधन सिर्फ सम-विषम नंबर प्लेट्स के हिसाब से देना पड़ा, क्या घर में ऑफिस बनाना पड़ा या क्या हर दिन 5 बजे अपने पंप बंद करने पड़े। भारत को इनमें से कोई काम नहीं करना पड़ा। यह सब इसलिए संभव हुआ, क्योंकि पिछले कई सालों में इसकी तैयारी की गई थी। हमारे कच्चे तेल के बास्केट को 27 देशों से बढ़ाकर 41 करना, हमारे आयात टर्मिनल को दुगना करना, और प्रधानमंत्री मोदी के तहत एक दशक में बनाए गए पाइपलाइन और भंडार, होर्मुज के बंद होने पर ये सभी चीजें उपयोगी साबित हुईं; यही वजह थी कि रोशनी जलती रही। इस स्तर का संकट एक देश को उसकी असली क्षमता दिखाता है। भारत ने होर्मुज के बंद होने की बाधा पार की और देश में कहीं भी बिना किसी कमी के आपूर्ति जारी रही। इस अनुभव से सीख लेकर, हम अपनी ऊर्जा सुदृढ़ता को मजबूत करने के लिए अतिरिक्त क्षमताओं का निर्माण करेंगे, लेकिन जब इस संघर्ष का इतिहास लिखा जाएगा, तो एक पंक्ति मौजूद रहनी चाहिएः मानव स्मृति का सबसे बड़ा ऊर्जा संकट हमारे तटों तक पहुंचा, लेकिन 150 करोड़ भारतीय नागरिक सुरक्षित रहे।

(लेखक केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हैं।)

# पर्यटन के क्षेत्र में नई पहचान बना रहा जशपुर

**सुनील त्रिपाठी, नूतन सिदार**

-प्राकृतिक वादियां, झरने और शांत वातावरण पर्यटकों को कर रहे आकर्षित

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने और स्थानीय आजीविका को सशक्त बनाने की दिशा में निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में जशपुर जिला अपनी प्राकृतिक सुंदरता, समृद्ध आदिवासी संस्कृति और विविध पर्यटन स्थलों के कारण प्रदेश के प्रमुख पर्यटन केंद्र के रूप में तेजी से उभर रहा है।

प्राकृतिक वादियां, झरने और शांत वातावरण पर्यटकों को कर रहे आकर्षित प्राकृतिक वादियां, झरने और शांत वातावरण पर्यटकों को कर रहे आकर्षित हरी-भरी पहाड़ियां, घने साल के जंगल, कल-कल बहते झरने, स्वच्छ नदी-नाले और शांत वातावरण जशपुर को प्रकृति प्रेमियों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बनाते हैं। महानगरों की व्यस्त और भागदौड़ भरी जिंदगी से दूर सुकून के कुछ पल बिताने के लिए बड़ी संख्या में पर्यटक यहां पहुंच रहे हैं। प्राकृतिक वादियां, झरने और शांत वातावरण पर्यटकों को कर रहे आकर्षितः जशपुर में प्रकृति, रोमांच, धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक विरासत का अनूठा संगम देखने को मिलता है। जिले के विभिन्न विकासखंडों में स्थित पर्यटन स्थल हर वर्ष हजारों पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करते हैं।

रानीदाह जलप्रपातः जशपुर मुख्यालय से लगभग 15 किलोमीटर दूर स्थित रानीदाह जलप्रपात हरी-भरी पहाड़ियों और घने जंगलों के बीच स्थित है। वर्षा ऋतु में इसकी प्राकृतिक छटा और भी मनमोहक हो जाती है। यह पिकनिक एवं प्रकृति प्रेमियों के लिए पसंदीदा स्थल है।

कैलाश गुफा : बगीचा विकासखंड में स्थित कैलाश गुफा घने जंगलों के बीच प्राकृतिक रूप से निर्मित अद्भुत गुफा है। यहां भगवान शिव का मंदिर तथा संत गहिरा गुरु का आश्रम स्थित है। यह स्थान आध्यात्मिक शांति एवं



प्राकृतिक सौंदर्य का अनुपम संगम प्रस्तुत करता है। राजपुरी जलप्रपातः बगीचा विकासखंड का राजपुरी जलप्रपात अपनी प्राकृतिक सुंदरता और मनोरम वातावरण के लिए प्रसिद्ध है। यहां पहुंचकर पर्यटक प्रकृति के बीच अविस्मरणीय अनुभव प्राप्त करते हैं। मयाली नेचर कैम्पः कुनकुरी विकासखंड का मयाली नेचर कैम्प एडवेंचर और प्रकृति प्रेमियों के लिए आकर्षण का प्रमुख केंद्र है। यहां बोटिंग सहित प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद लिया जा सकता है।

विश्व का सबसे बड़ा प्राकृतिक शिवलिंग – मधेश्वर पहाड़ः कुनकुरी क्षेत्र में स्थित मधेश्वर पहाड़ प्राकृतिक रूप से शिवलिंग के आकार का विशाल पर्वत है। इसे विश्व के सबसे बड़े प्राकृतिक शिवलिंग के रूप में गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज किया गया है। यह स्थल धार्मिक आस्था और प्राकृतिक आश्चर्य दोनों का अद्भुत उदाहरण है। कोतेबिराः फरसाबहार विकासखंड में ईब नदी के तट पर स्थित कोतेबिरा अपनी विशाल प्राकृतिक चट्टानों, शांत वातावरण और मनोहारी पहाड़ी श्रृंखलाओं के लिए प्रसिद्ध है। खुडिया रानी गुफाः बगीचा विकासखंड स्थित खुडिया रानी गुफा ऐतिहासिक एवं पुरातात्विक महत्व का महत्वपूर्ण स्थल है, जहां प्रकृति और इतिहास का अद्भुत संगम देखने को मिलता है। पर्यटकों की सुविधा के लिए बेहतर संपर्कः जशपुर सड़क मार्ग से प्रदेश के प्रमुख शहरों से सुगमता से जुड़ा हुआ है। निकटतम रेलवे स्टेशन रांची (झारखंड) और झारसुगुड़ा (ओडिशा) हैं। रांची स्थित बिरसा मुंडा हवाई अड्डे तथा झारसुगुड़ा हवाई अड्डे तक हवाई यात्रा कर पर्यटक लगभग तीन घंटे की सड़क यात्रा के बाद जशपुर पहुंच सकते हैं। रायगढ़, सरगुजा और बिलासपुर से भी सड़क मार्ग द्वारा जशपुर तक आसानी से पहुंचा जा सकता है। ग्रामीण पर्यटन को मिल रही नई पहचानः जिले में ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पांच होमस्टे स्थापित किए गए हैं। स्थानीय ग्रामीणों को होमस्टे संचालन, आतिथ्य प्रबंधन एवं पर्यटक सेवाओं का प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया है, जिससे स्थानीय लोगों की आय में वृद्धि के साथ रोजगार के नए अवसर सृजित हो रहे हैं। जिला प्रशासन ने केरे गांव को एक आकर्षक एवं भरोसेमंद ग्रामीण पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की दिशा में उल्लेखनीय कार्य किया है। इससे स्थानीय संस्कृति, परंपराओं और ग्रामीण जीवन शैली से पर्यटकों को परिचित होने का अवसर मिल रहा है। प्राकृतिक सौंदर्य, आध्यात्मिक आस्था, रोमांच और आदिवासी संस्कृति का अद्भुत संगम समेटे जशपुर आज छत्तीसगढ़ के पर्यटन मानचित्र पर अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित कर रहा है। यहां आने वाला प्रत्येक पर्यटक प्रकृति के बीच सुकून, रोमांच और अविस्मरणीय अनुभव लेकर लौटता है।

लेखक सहायक संचालक जनसंपर्क, सहायक संचालक जनसंपर्क हैं।




**मेष राशि** : आज का दिन आपके लिए फायदेमंद रहने वाला है। आज आपको लोगों की मदद मिलती रहेगी, जिससे आप काफी राहत महसूस करेंगे। परिवार वालों के साथ आप खुशियों के पल बिताएंगे। इस राशि के विद्यार्थियों की अध्ययन के प्रति रुचि बढ़ेगी। आज आपको कुछ नए मौके मिलने की संभावना है। अपनी व्यावसायिक योजनाओं को क्रमबद्ध तरीके से अंजाम देंगे, तो बेहतर सफलता मिलेगी।

**वृष राशि** : आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज आपको कोर्ट-कचहरी के मामलों में जीत हासिल होगी, आपके समाजिक मान-सम्मान में बढ़ोत्तरी होगी। आज कारोबार में कुछ नए लोग आपसे जुड़ने की कोशिश करेंगे। ऑफिस में कलीग का सहयोग प्राप्त होगा। आर्थिक पक्ष पहले से बेहतर रहेगा। आज किसी धार्मिक समारोह में हिस्सा लेने का सुअवसर मिलेगा।

**मिथुन राशि**ः आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज युवाओं को रोजगार के बेहतर प्लेसमेंट अवसर प्राप्त होने की संभावना है। आज आपका फेवरिट काम समय पर पूरा हो जाने से मन में उमंग और उत्साह बना रहेगा। आज आपको नए लोगों से थोड़ा संभलकर रहना चाहिए। आज बच्चे पढ़ाई के प्रति कुछ कम रुचि लेंगे उन्हें पढ़ाई-लिखाई में विशेष ध्यान देने की जरूरत है।

**कर्क राशि** :आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। जिस काम के पूरा होने का आप काफी लंबे समय से इंतजार कर रहे थे आज वह पूरा हो जाएगा, जिससे आप तनाव मुक्त महसूस करेंगे। बढ़ते खर्च को कम करने के लिए आज नए प्लान बनाएंगे। आज किसी काम को पूरा करने में कुछ समय लग सकता है। आज आप सामाजिक रिश्तों में सुधार लाने की कोशिश करेंगे।

**सिंह राशि** : आज आपका दिन घूमने-फिरने में अधिक बीतेगा। आज घर पर अचानक मेहमानों का आगमन होगा। आज आपका ध्यान धार्मिक कार्यों की तरफ रहेगा। आज आपके कार्यों में जीवनसाथी के सहयोग से आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा। अगर मित्र के साथ मतभेद चल रहा है, तो किसी अनुभवी व्यक्ति की मध्यस्थता से आज सब ठीक हो जाएगा रिश्ते में मधुरता आएगी।

**कन्या राशि** : आज कारोबार में आपको लाभ ही लाभ होगा। शैक्षणिक कार्यों में आपका मन लगेगा। समाज में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। घरेलू काम को निपटाने में आप सफल रहेंगे। आज कई योजनाएं समय से पूरी हो जाएंगी। परिवार में खुशी का माहौल बना रहेगा। आज अपनी योजनाओं तथा गतिविधियों को गुप्त रखें।

**तुला राशि**ः आज का दिन आपके लिए नए अनुभव लेकर आएगा। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों को आज अच्छी खबर मिलेगी। आज कार्यभार अधिक हो सकता है, लेकिन आप किसी काम के लिए जितना ज्यादा प्रयास करेंगे, काम उतना ही बेहतर तरीके से होगा। आज जीवनसाथी के साथ अपने रिश्ते को लेकर आप भावुक हो सकते हैं।

**वृश्चिक राशि** : आज का दिन आपके लिए सकारात्मक रहेगा। आज सोचा हुआ आपका काम निश्चित समय पर पूरा हो जाएगा। आज आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी। ऑफिस में आपको किसी नए प्रोजेक्ट की जिम्मेदारी मिलेगी, जिसे निभाने में आप सक्षम रहेंगे। आज आसपास के लोगों से आपको सहयोग मिलेगा।

**धनु राशि** : आज आपको आर्थिक लाभ के अच्छे अवसर प्राप्त होंगे। आज आपका स्वास्थ्य बेहतर बना रहेगा। आज की गई व्यापारिक यात्रा से लाभ होगा। परिवार में सभी सदस्यों के साथ आपसी तालमेल बढ़ेगा। साइंस से जुड़े छात्रों के लिए आज का दिन खासतौर पर फायदेमंद रहेगा आज आपका रिसर्च वर्क पूरा हो सकता है।

**मकर राशि** : आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आया है। आज ऑफिस में वर्कलोड बढ़ सकता है लेकिन आपके द्वारा किया गया काम आपके बॉस को इम्प्रेस करेगा। आज आपको रुपए-पैसों के मामले में लापरवाही करने से बचना चाहिए। टूर-ट्रेवल्स से जुड़े लोगों के लिये आज का दिन अच्छा रहने वाला है।

**कुंभ राशि** : आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहने वाला है। आज आपको किस्मत का पूरा साथ मिलेगा। आज आय के नए स्रोत सामने आएंगे। ऑफिस का काम रोज की तुलना में बेहतर तरीके से होगा। आज जीवनसाथी आपकी तारीफ करेंगे, इससे आपके रिश्ते में और मधुरता आएगी। आज आपके धन-संपत्ति में वृद्धि होगी।

**मीन राशि**ः आज करियर में आपको मनचाही सफलता मिलेगी साथ ही कुछ नया सीखने का मौका मिलेगा। आज आपको अपने काम को टालने से बचना चाहिए। समाज कल्याण विभाग में कार्यरत लोगों का आज प्रमोशन हो सकता है। ग्लैमर, मीडिया और कंप्यूटर से जुड़े व्यवसाय में लाभदायक स्थिति बनी रहेगी।

# विदेशी विश्वविद्यालयों के भारतीय कैंपस नई शिक्षा क्रांति की ओर बढ़ता भारत

**कांतिलाल मांडोत**

भारत की उच्च शिक्षा व्यवस्था एक नए दौर में प्रवेश कर रही है। अब भारतीय विद्यार्थियों को विश्वस्तरीय शिक्षा प्राप्त करने के लिए विदेश जाने की अनिवार्यता नहीं रहेगी। यूनिवर्सिटी ऑफ ब्रिस्टल, यूनिवर्सिटी ऑफ यॉर्क, इलिनोइस टेक, विक्टोरिया यूनिवर्सिटी और एबरडीन जैसी प्रतिष्ठित विदेशी विश्वविद्यालय भारत में अपने स्वतंत्र कैंपस स्थापित कर रही हैं। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय द्वारा अब तक पंद्रह विदेशी विश्वविद्यालयों को लेटर ऑफ इंटेंट जारी किए जा चुके हैं और इनमें से अधिकांश विश्वविद्यालय अगस्त से अपने पहले शैक्षणिक सत्र की शुरुआत करेंगे। यह केवल शिक्षा के विस्तार का प्रयास नहीं बल्कि भारत को वैश्विक शिक्षा केंद्र बनाने की दिशा में उठाया गया ऐतिहासिक कदम है।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत विदेशी विश्वविद्यालयों को भारत में कैंपस स्थापित करने की अनुमति मिलने के बाद उच्च शिक्षा के क्षेत्र में एक नया अध्याय शुरू हुआ है। इसका उद्देश्य भारतीय विद्यार्थियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर की शिक्षा, शोध सुविधाएं और वैश्विक अवसर अपने ही देश में उपलब्ध कराना है। इससे लाखों छात्रों और उनके परिवारों को विदेश जाने में आने वाले भारी खर्च और अन्य चुनौतियों से राहत मिलेगी।

इन विश्वविद्यालयों की सबसे बड़ी विशेषता यह होगी कि भारत में संचालित कैंपस का पाठ्यक्रम, परीक्षा प्रणाली, मूल्यांकन प्रक्रिया और डिग्री पूरी तरह उसी स्तर की होगी जो उनके मूल विदेशी कैंपस में लागू होती है। विद्यार्थियों को किसी प्रकार का समझौता नहीं करना पड़ेगा। उन्हें वही गुणवत्ता, वही शिक्षण पद्धति और वही अंतरराष्ट्रीय मान्यता प्राप्त होगी जो विदेश में अध्ययन करने वाले छात्रों को मिलती है।

भारत में स्थापित होने वाले इन कैंपसों का उद्देश्य केवल डिग्री प्रदान करना नहीं बल्कि विद्यार्थियों को उद्योग जगत से जोड़ना भी है। यूनिवर्सिटी ऑफ यॉर्क ने मुंबई के युवा उद्यमियों के संगठन के साथ समझौता कर छात्रों को स्टार्टअप और नवाचार से जोड़ने की पहल की है। इसी प्रकार इलिनोइस टेक अपने भारतीय परिसर के लिए अमेरिका तथा अन्य देशों के अनुभवी प्रोफेसरों की नियुक्ति कर रहा है ताकि विद्यार्थियों को वास्तविक वैश्विक शैक्षणिक वातावरण मिल सके।

इन विश्वविद्यालयों में प्रवेश के लिए निर्धारित योग्यता भी स्पष्ट रखी गई है। सामान्यतः बारहवीं में लगभग पचहत्तर प्रतिशत अंक तथा स्नातक स्तर पर पचपन से सत्तर प्रतिशत तक अंक आवश्यक होंगे। जिन छात्रों के अंग्रेजी विषय में अच्छे अंक होंगे उन्हें कई मामलों में आईईएलटीएस जैसी परीक्षा देने की आवश्यकता भी नहीं पड़ेगी। इससे योग्य भारतीय विद्यार्थियों के लिए प्रवेश प्रक्रिया अधिक सरल और सुलभ बनेगी।

विद्यार्थियों को भारत में पढ़ाई करते हुए एक या दो सेमेस्टर संबंधित विश्वविद्यालय के विदेशी कैंपस में अध्ययन करने का अवसर भी मिलेगा। इससे उन्हें अंतरराष्ट्रीय अनुभव, वैश्विक संस्कृति और विदेशी उद्योगों से जुड़ने का लाभ मिलेगा। उदाहरण के लिए यूनिवर्सिटी ऑफ यॉर्क और ब्रिस्टल यूनिवर्सिटी अपने छात्रों को ब्रिटेन में अध्ययन और शोध करने की सुविधा उपलब्ध कराएंगी। इससे छात्रों की शैक्षणिक गुणवत्ता और रोजगार की संभावनाएं दोनों मजबूत होंगी। फैकल्टी की गुणवत्ता पर भी विशेष ध्यान दिया गया है। भारतीय और विदेशी शिक्षकों का संतुलित मिश्रण तैयार किया जाएगा। विक्टोरिया यूनिवर्सिटी ने घोषणा की है कि उसकी लगभग एक तिहाई फैकल्टी सीधे मेलबर्न से आएगी। वहीं भारतीय मूल के ऐसे प्रोफेसरों को भी नियुक्त किया जाएगा जिन्होंने विदेशी विश्वविद्यालयों से उच्च शिक्षा प्राप्त की है। इससे छात्रों को अंतरराष्ट्रीय अनुभव और भारतीय परिस्थितियों दोनों का लाभ मिलेगा। शोध और तकनीकी विकास को भी इन विश्वविद्यालयों की प्राथमिकता बनाया गया है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता, कंप्यूटर विज्ञान, इंजीनियरिंग तथा स्टेम विषयों पर विशेष फोकस रहेगा। आधुनिक प्रयोगशालाएं, अत्याधुनिक शोध सुविधाएं और वैश्विक संसाधनों तक पहुंच छात्रों को विश्वस्तरीय अनुसंधान के लिए प्रेरित करेगी। इससे भारत में नवाचार और तकनीकी विकास को नई गति मिलने की उम्मीद है।

विद्यार्थियों के लिए छात्रवृत्ति की व्यापक व्यवस्था भी की गई है। योग्यता और आर्थिक आवश्यकता के आधार पर दस प्रतिशत से लेकर सौ प्रतिशत तक छात्रवृत्ति उपलब्ध कराई जाएगी। कई विश्वविद्यालय प्रतिवर्ष लाखों रुपये तक की आर्थिक सहायता देने की योजना बना चुके हैं। इससे आर्थिक रूप से कमजोर लेकिन प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को भी विश्वस्तरीय शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा।

विदेशी विश्वविद्यालयों की फीस भारतीय संस्थानों की तुलना में अधिक अवश्य होगी लेकिन विदेश जाकर पढ़ने की तुलना में यह लगभग तीस से चालीस प्रतिशत कम रहेगी। विदेश में पढ़ाई पर जहां अस्सी लाख से लेकर एक करोड़ रुपये से अधिक खर्च हो सकता है वहीं भारत में वही डिग्री अपेक्षाकृत कम लागत में प्राप्त की जा सकेगी। साथ ही रहने, यात्रा और अन्य खर्चों में भी बड़ी बचत होगी।

विशेषज्ञों का मानना है कि इन विश्वविद्यालयों से विद्यार्थियों को केवल डिग्री ही नहीं बल्कि वैश्विक पहचान, मजबूत एलुमनाई नेटवर्क, उत्कृष्ट प्रोफेसरों का मार्गदर्शन और अंतरराष्ट्रीय रोजगार के अवसर भी प्राप्त होंगे। इससे भारतीय युवाओं की प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता बढ़ेगी और वे विश्व स्तर पर अपनी प्रतिभा का बेहतर प्रदर्शन कर सकेंगे।

एक अनुमान के अनुसार अगले पांच वर्षों में प्रत्येक विश्वविद्यालय अपने भारतीय परिसर में प्रतिवर्ष लगभग एक हजार से बारह सौ विद्यार्थियों को प्रवेश देगा। वहीं वर्ष 2040 तक भारत में विदेशी विश्वविद्यालयों के कैंपसों में पांच लाख साठ हजार से अधिक छात्र अध्ययन कर सकते हैं। इससे देश से बाहर जाने वाली लगभग एक सौ तेरह अरब डॉलर की विदेशी मुद्रा की बचत होगी तथा शिक्षा क्षेत्र में बड़े पैमाने पर निवेश और रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे।

प्रकाशक एवं स्वामी सागर सूरज, द्वारा सरोतर निवास, राजाबाजार-कचहरी रोड, मोतिहारी, बिहार-845401 से प्रकाशित व प्रकाश प्रेस मोतिहारी से मुद्रित, संपादक-सागर सूरज* फोन न.9470050309 प्रसारः-9931408109 ईमेलः-bordernewsmirror@gmail.com वेबसाइटः-bordernewsmirror.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार) RNI. N. BIHBIL/2022/88070

# स्पिन गेंदबाजी के खिलाफ कमजोरी से प्रभावित हो रही तिलक वर्मा की बल्लेबाजी : रिपोर्ट

**एजेंसी, मुम्बई**

एशिया कप में शानदार बल्लेबाजी के बाद स्टार बने युवा बल्लेबाज तिलक वर्मा पिछले कुछ समय से अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाये हैं। वहीं एक रिपोर्ट के अनुसार अगर वह इंग्लैंड के खिलाफ वर्तमान सीरीज में रन नहीं बना पाये तो उनके लिए टीम में अपनी जगह बनाये रखना कठिन होगा। तिलक अभी पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी कर रहे हैं पर प्रभावित नहीं कर पाये हैं। उनकी सबसे बड़ी कमजोरी स्पिन गेंदबाजी के खिलाफ स्ट्राइक रेट कम होना है। इंग्लैंड के खिलाफ हाल ही में खेले गए पहले टी20 मैच में तिलक ने 13 गेंदों में केवल 13 रन बनाए। इस मैच में इंग्लैंड के कप्तान हैरी ब्रूक ने तिलक के खिलाफ स्पिनरों को उतारकर उन्हें रनों के लिए तरसा दिया। वहीं आईपीएल में भी यह देखने को मिला था कि जब तिलक बल्लेबाजी



के लिए आते थे, तो विरोधी टीमें स्पिन गेंदबाजों को ले आती थीं, जिससे रन रेट पर अचानक ब्रेक लग जाता था। स्पिन के खिलाफ तिलक की यह कमी अब टीम इंडिया के लिए एक गले की फांस बनती जा रही है। तिलक ने इंग्लैंड दौरे पर जाने से पहले 8 पारियों में स्पिन के खिलाफ सिर्फ 100 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए थे। जबकि टी20 में उनका ओवरऑल स्ट्राइक रेट 142.7 है, स्पिन के सामने यह घटकर 126.2 हो जाता है। स्पिन के खिलाफ तिलक के इस प्रदर्शन को देखते हुए उन्हें नंबर-5 पर उतारना कई विशेषज्ञों के लिए हैरानी वाला रहा है। ये भी ध्यान देने योग्य है कि उनका यह स्ट्राइक रेट खास तौर पर पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए गिरा है। हालांकि, ऐसा नहीं है कि तिलक वर्मा का बल्ला हर स्थिति में खामोश रहता है। उन्होंने तीसरे और चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए शानदार प्रदर्शन किया है। छठे और सातवें नंबर पर भी उन्होंने फिनिशर की भूमिका निभाई है, जहां उनका स्ट्राइक रेट 200 से भी अधिक रहा है, और उन्होंने कई मैच अपनी टीम के पाले में किए हैं। टॉप ऑर्डर में भी उन्होंने अच्छा प्रदर्शन किया है। ऐसे में टीम प्रबंधन के सामने यह एक बड़ी सिरदर्दी बन गई है कि तिलक को किस बल्लेबाजी क्रम पर उतारा जाए – क्या उन्हें ऊपर भेजा जाए, पांचवें नंबर पर ही रखा जाए, या फिर उनकी खराब फॉर्म को देखते हुए उन्हें टीम से बाहर करने पर विचार किया जाए। एक ऐसे दौर में जब भारतीय टीम में स्थान पाने के लिए कड़ी प्रतिस्पर्धा है, तिलक को अपनी इस कमजोरी पर जल्द से जल्द काम करना होगा। स्पिन के खिलाफ उनकी यह रणनीतिक कमी न केवल उनके व्यक्तिगत प्रदर्शन को प्रभावित कर रही है, बल्कि टीम की रणनीति पर भी असर डाल रही है।

## महिला क्रिकेट में सभी विभागों में सुधार की जरुरत : अमोल मजूमदार

### अपनी रणनीति पर भी दोबारा विचार करना होगा

**एजेंसी, नई दिल्ली**




भारतीय महिला क्रिकेट टीम के मुख्य कोच अमोल मजूमदार ने कहा है कि टीम को अभी खेल के तीनों विभागों बल्लेबाजी, गेंदबाजी और फील्डिंग में सुधार की जरुरत है। अमोल के अनुसार टीम टी20 विश्वकप में इन सभी क्षेत्रों में अपना सर्वश्रेष्ट प्रदर्शन नहीं कर पारी जिसके कारण ही उसे हार का सामना करना पड़ा है। साथ ही कहा कि टीम का सामूहिक प्रदर्शन उस स्तर का नहीं रहा जिसकी ऐसे बड़े टूर्नामेंट में उम्मीद की जाती है। मजूमदार ने भविष्य की रणनीति पर जोर दिया। उन्होंने कहा, हमें अपनी रणनीति और अपने टी20 खेल पर नए सिरे से विचार करना होगा। हमें गहराई से यह तय करने की जरूरत है कि भविष्य में हम किस संयोजन के साथ मैदान पर उतरने जा रहे हैं। इससे साफ है कि अब टीम में बदलाव होने तय है। कोच के अनुसार पूरे टूर्नामेंट में टीम की कमजोरियां सामने आई हैं1 उन्होंने कहा, अगर मुझे कुछ खास बातों पर ध्यान देना हो, तो मुझे लगता है कि हमें अपनी गेंदबाजी और फील्डिंग पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। इसके अलावा हमें बल्लेबाजी में भी थोड़ा और आक्रामक होना होगा।

## वैभव की फिटनेस को लेकर सतर्कता बरतने की जरुरत : कलिनन

**एजेंसी, नई दिल्ली**

दक्षिण अफ्रीका के पूर्व दिग्गज बल्लेबाज डेरिल कलिनन ने कहा है कि भारतीय टीम में शामिल 15 साल के उभरते बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी को लेकर सतर्कता बरती जानी चाहिये। कलिनन के अनुसार इस युवा बल्लेबाज के लंबे करियर में फिटनेस बाधा बन सकती है, इसलिए उसका ध्यान रखे जाने की जरुरत है। कलिनन ने कहा कि वैभव पावर हिटिंग पर जोर देते हैं। है, जिसके लिए उन्हें हर शॉट पर ज़बरदस्त बैट स्पीड और ताकत की ज़रूरत होती है। टाइमिंग और



तकनीक भी उतनी ही महत्वपूर्ण है, पर इस बल्लेबाज के ताकतवर स्ट्रोक प्ले पर अधिक अनिर्भरता ही चिन्ता का कारण है। उनका मानना है कि आने वाले सालों में निर्भरता ही उनके शरीर पर भारी पड़ सकती है और वह बार-बार चोटों का कारण बन सकते हैं। वैभव ने श्रीलंका ए के खिलाफ केवल 29 गेंदों पर 94 रनों की आतिशी पारी खेली थी, जिसमें उन्होंने 11 गेंदों में अर्धशतक जड़कर लिस्ट-ए क्रिकेट का नया रिकॉर्ड भी बनाया। उनकी इस विस्फोटक पारी से कलिनन भी बेहद हैरान हैं। उन्होंने कहा, मैं इस युवा से बेहद प्रभावित हूं पर जो बात मुझे परेशान कर रही है और जिस पर कोई बात नहीं कर रहा, वह है चोटें? 15 साल की उम्र में बड़ा बल्ला घुमाना, इतना अधिक क्रिकेट खेलना उसके शरीर और जोड़ों पर जोर डाल सकता है।

## बार्सिलोना जा सकते हैं अल्वारेज़

**एजेंसी, नई दिल्ली** : अर्जेंटीना के स्टार स्ट्राइकर जूलियन अल्वारेज़ अब एटलेटिको मैड्रिड छोड़कर शीर्ष स्पेनिश क्लब बार्सिलोना जाना चाहते हैं। अर्जेंटीना की फीफा विश्व कप में ऑस्ट्रिया पर जीत के बाद अल्वारेज़ ने भी माना है कि वह अब एटलेटिको मैड्रिड से आगे बढ़ना चाहते हैं वहं दूसरी ओर एटलेटिको मैड्रिड इसके लिए तैयार नजर नहीं आता। अल्वारेज़ के अनुसार भविष्य के लिए ट्रांसफर सबसे बेहतर विकल्प है। उन्होंने यह भी कहा कि वह इस मामले में क्लब के अधिकारियों के साथ बात कर रहे हैं। उन्होंने किसी क्लब का नाम नहीं लिया, लेकिन मौजूद जानकारी के अनुसार स्पेनिश दिग्गज बार्सिलोना में खेलने की उनकी इच्छा किसी से छिपी नहीं है। पिछले कुछ सप्ताह से बार्सिलोना, पेरिस सेंट जर्मेन (PSG) और आर्सेनल जैसे बड़े क्लबों का नाम जूलियन अल्वारेज़ के साथ जोड़ा जा रहा था। वहीं, स्पेन की मीडिया में लगातार यह दावा किया जा रहा है कि खिलाड़ी और बार्सिलोना के बीच व्यक्तिगत शर्तों पर सहमति भी बन चुकी है। रिपोर्टों के अनुसार, दोनों पक्षों के बीच पांच साल के अनुबंध को लेकर बातचीत सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ी है। हालांकि, एटलेटिको मैड्रिड ने इस मामले में अभी कुछ नहीं कहा है। क्लब ने आधिकारिक बयान जारी करते हुए साफ कहा है कि जूलियन अल्वारेज़ बिक्री के लिए उपलब्ध नहीं हैं। क्लब के अनुसार, यदि कोई टीम खिलाड़ी को अपने साथ जोड़ना चाहती है तो उसे 500 मिलियन यूरो की रिलीज़ क्लॉज राशि का भुगतान करना होगा।

## ईशान किशन बन सकते हैं बेहतर टेस्ट बल्लेबाज : श्रीकांत

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व भारतीय कप्तान कृष्णमाचारी श्रीकांत ने कहा है कि आक्रामक सलामी बल्लेबाज ईशान किशन एक अच्छे टेस्ट बल्लेबाज बन सकते हैं पर उन्हें अवसर नहीं मिल रहा। श्रीकांत के अनुसार एक अच्छे टेस्ट बल्लेबाज बनने के लिए जिस प्रकार का कौशल चाहिये वह इस बल्लेबाज में है पर फिर भी उसे अवसर नहीं मिल रहा। साथ ही कहा कि ये निराशाजन बात है कि एक काबिल खिलाड़ी टीम में जगह हासिल नहीं कर पा रहा। ये एक प्रकार से उसकी प्रतिभा के साथ



अन्याय है। गौरतलब है कि करीब दो साल तक राष्ट्रीय टीम से बाहर रहने के बाद, किशन हाल ही में टी20 विश्वकप से टीम में वापसी करने में सफल रहे हैं। अफगानिस्तान के खिलाफ 50-ओवर के प्रारुप में भी उन्होंने एक अच्छा शतक लगाया है। श्रीकांत के अनुसार उन्हें ईशान के खेलने का अंदाज अच्छा लगता है। इसी को देखते हुए इस पूर्व कप्तान का मानना है कि कि साल 2023 में कुछ टेस्ट मैच खेल चुके किशन टेस्ट में अवसर मिलने पर भी प्रभावित ही करेंगे। उन्होंने इस बल्लेबाज के खेल की सराहना करते हुए कहा, मैं ईशान किशन का बहुत बड़ा प्रशंसक हूं। उन्होंने अचानक वापसी की है और बहुत बढ़िया खेल रहे हैं। मुझे उनका खेल पसंद है। उनके स्ट्रोक खेलने का तरीका, टाइमिंग, पावर और आसानी से खेलने की क्षमता सब लाजवाब है।

# बिजनेस

## सर्राफा बाजार में गिरावट से सस्ता हुआ सोना, चांदी की भी फीकी पड़ी चमक

### आज की गिरावट के बावजूद साप्ताहिक आधार पर 2,780 रुपये तक महंगा हुआ सोना

**एजेंसी**

**नई दिल्ली** । घरेलू सर्राफा बाजार में आज शुरुआती कारोबार के दौरान कमजोरी का रुख बना हुआ नजर आ रहा है। भाव में आई गिरावट के कारण आज चेन्नई के अलावा देश के ज्यादातर दूसरे सर्राफा बाजार में सोना 260 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 280 रुपये प्रति 10 ग्राम तक सस्ता हो गया। चेन्नई में सोने के भाव में 100 रुपये प्रति 10 ग्राम लेकर 110 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की कमजोरी दर्ज की गई है। चांदी के भाव में भी आज 100 रुपये प्रति किलोग्राम तक की मामूली कमजोरी दर्ज की गई है। सोने की कीमत में आई गिरावट के कारण आज देश के ज्यादातर सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना 1,46,730 रुपये



प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,49,460 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 1,34,500 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,37,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में सांकेतिक कमजोरी आने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज 2,50,000 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। आज सोने के भाव में कमजोरी आने के बावजूद साप्ताहिक आधार पर देखा जाए, तो सोना और चांदी दोनों धातुओं के भाव में तेजी आई है। पिछले सप्ताह के कारोबार में 24 कैरेट सोना 2,780 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हो गया। इसी तरह 22 कैरेट सोने के भाव में साप्ताहिक आधार पर 2,550 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की मजबूती दर्ज की गई। चांदी भी उतार चढ़ाव के बावजूद पिछले सप्ताह के कारोबार में महंगा हो गया। इस उछाल के कारण चांदी का भाव सप्ताहिक आधार पर 10 हजार रुपये प्रति किलोग्राम तक उछल गया। दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 1,46,880 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,34,650 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,46,730 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,34,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,46,780 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,34,550 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,49,460 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,37,000 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 1,46,730 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,34,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,46,780 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,34,550 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 1,46,880 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,34,650 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,46,780 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,34,550 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,46,880 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 1,34,650 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी आज सोने के भाव में गिरावट दर्ज की गई है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना 1,46,730 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

## भारत-ब्रिटेन व्यापार समझौते के तहत वस्तु के मूल स्रोत का पता लगाने को नियम अधिसूचित

**एजेंसी, नई दिल्ली**



वित्त मंत्रालय ने भारत-ब्रिटेन व्यापक आर्थिक और व्यापार समझौता (सीईटीए) के तहत सामान की उत्पत्ति का पता लगाने के नियम जारी किए हैं। ये नियम 15 जुलाई से लागू होंगे। वित्त मंत्रालय के राजस्व विभाग ने केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) के जरिए इस संदर्भ में एक अधिसूचना जारी की गई है। सीबीआईसी ने यह नियम 03 जुलाई, 2026 की अधिसूचना संख्या 62/2026-कस्टम्स (एन. टी.) के जरिए अधिसूचित किए हैं। यह नियम 15 जुलाई, 2026 से लागू होंगे। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड ने जारी अधिसूचना में कहा कि दोनों देशों द्वारा अधिकृत संस्थानों को अपने-अपने देशों में ये प्रमाणपत्र जारी करने की अनुमति है। इसमें कहा गया है, ''इन नियमों को सीमा शुल्क (भारत और यूनाइटेड किंगडम ऑफ ग्रेट ब्रिटेन तथा उत्तरी आयरलैंड के बीच व्यापक आर्थिक एवं व्यापार समझौते के तहत वस्तु की उत्पत्ति का निर्धारण) नियम, 2026 कहा जा सकता है। भागीदार देशों के साथ भारत के व्यापार समझौते के तहत शुल्क लाभ पाने के लिए निर्यात को लेकर 'उत्पत्ति प्रमाणपत्र' एक जरूरी दस्तावेज है। उत्पादों के मूल स्रोत का पता लगाना इसलिए जरूरी है ताकि कोई तीसरा देश दोनों देशों के बीच हुए व्यापार समझौते और शुल्क छूट का गलत फायदा न उठा सके। सीईटीए ब्रिटेन को भारत के 99 फीसदी निर्यात के लिए शुल्क मुक्त पहुंच देता है। इससे कपड़ा, समुद्री उत्पाद, चमड़ा, फुटवियर, खेल के सामान, खिलौने और रत्न तथा आभूषण जैसे श्रम गहन उद्योगों के साथ-साथ इंजीनियरिंग के सामान, वाहन कल-पुर्जे और जैविक रसायन जैसे तेजी से बढ़ने वाले क्षेत्रों के लिए नए मौके खुलेंगे। उल्लेखनीय है कि भारत और ब्रिटेन के बीच वित्त वर्ष 2025-26 में द्विपक्षीय व्यापार 8.62 फीसदी बढ़कर 25.12 अरब डॉलर रहा। इसमें निर्यात 13.44 अरब डॉलर, जबकि आयात 11.68 अरब डॉलर था। पिछले वित्त वर्ष में भारत का व्यापार अधिशेष 1.76 अरब डॉलर रहा।

## हाईक्रॉस की खराबी के लिए ई20 नहीं, दूषित ईंधन जिम्मेदार : टोयोटा

**एजेंसी, नई दिल्ली**

टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने हाल ही में सोशल मीडिया 'एक्स' पर वायरल हुए उस वीडियो का आधिकारिक तौर पर खंडन किया है, जिसमें एक टोयोटा इनोवा हाईक्रॉस में खराबी का कारण ई20 पेट्रोल को बताया गया था। कंपनी ने स्पष्ट किया है कि हाईक्रॉस पूरी तरह से ई20-कम्पैटिबल है और समस्या का असली कारण केवल 'दूषित और खराब ईंधन' था। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने शनिवार को जारी एक बयान में कहा कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर वायरल एक वीडियो में दिखी 'टोयोटा हाईक्रॉस' कार की खराबी ईथेनॉल मिश्रित (ई20) पेट्रोल के कारण नहीं, बल्कि दूषित ईंधन की




वजह से हुई थी। कंपनी ने बताया कि संबंधित वाहन ई20 ईंधन के अनुकूल है, उसे ई20 पेट्रोल के उपयोग के लिए डिजाइन, परीक्षण और प्रमाणित किया गया है। टीकेएम ने कहा, ''वाहन की विस्तृत तकनीकी जांच में पाया गया कि समस्या दूषित ईंधन के कारण हुई थी। कंपनी ने कहा कि निरीक्षण में यह भी पुष्टि हुई कि वाहन के किसी भी पुर्जे या ईंधन प्रणाली को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है।'' कंपनी ने कहा, ''हमारी सेवा प्रक्रिया के तहत ईंधन टैंक और ईंधन लाइन को पूरी तरह खाली कर साफ किया गया तथा वाहन में मानक ई20 ईंधन भरा गया। इसके बाद वाहन का निरीक्षण किया गया, जिसमें वह सामान्य स्थिति में पाया गया और फिर ग्राहक को सौंप दिया गया।'' टीकेएम ने कहा, ''इससे स्पष्ट है कि यह घटना ई20 ईंधन के इस्तेमाल से संबंधित नहीं थी, बल्कि केवल गैर-मानक और दूषित ईंधन के कारण हुई।'' कंपनी ने ग्राहकों से अपील की कि वे ईंधन में मिलावट या दूषित ईंधन के जोखिम को कम करने के लिए हमेशा अधिकृत और प्रतिष्ठित पेट्रोल पंपों से ही ईंधन भरवाएं, क्योंकि इससे वाहन के प्रदर्शन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है।

## अकासा एयर के बेड़े में 40वां विमान शामिल, एयरलाइन ने बेड़े का किया विस्तार

**एजेंसी, नई दिल्ली**

नवोदित विमानन सेवा कंपनी अकासा एयर के बेड़े में 40वां विमान शामिल हो गया है। इसमें सबसे नया विमान बोइंग 737 मैक्स 8-200 है, जिसका पंजीकरण संख्या वीटी-वाईबीक्यू है। बेंगलरु के केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर इस विमान की लैंडिग हुई। एयरलाइन ने शनिवार को 'एक्स' पोस्ट पर जारी बयान में बताया कि आकासा एयर को अपना 40वां विमान मिल गया है। यह अकासा एयरलाइन के बेड़े (फ्लीट) के विस्तार में एक और अहम पड़ाव है, क्योंकि कंपनी अपने घरेलू और अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क को लगातार बढ़ा रही है। इसके साथ ही एयरलाइन ने इस साल अब तक नौ बोइंग 737 मैक्स विमान अपने बेड़े में शामिल कर लिए हैं। कंपनी ने जारी बयान में कहा कि हमें अपने बढ़ते हुए आकासा फ्लीट में 40वें विमान वीटी-वाईबीक्यू का स्वागत करते हुए गर्व हो रहा है। इससे अगस्त 2022 में कामकाज शुरू होने के बाद से हमारे विस्तार की गति और निरंतरता और मजबूत हुई है। यह उपलब्धि सिर्फ फ्लीट के बढ़ने से कहीं ज्यादा है। यह अनुशासित काम, बेहतरीन ऑपरेशन, ग्राहकों के भरोसे और उन सभी आकासियन्स (आकासा के लोगों) और पार्टनर्स की अटूट प्रतिबद्धता को दिखाती है, जिनकी वजह से यह सफर मुमकिन हो पाया है।

## कैट ने पश्चिम बंगाल में व्यापार और उद्योग को लेकर मंत्री अग्निमित्रा पाल से की मुलाकात

**एजेंसी, कोलकाता**

कनफेडरेशन ऑफ़ आल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार को पश्चिम बंगाल में व्यापार, उद्योग और निवेश की संभावनाओं को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की। जिसमें पश्चिम बंगाल सरकार की शहरी विकास एवं नगर निकाय मामलों की मंत्री अग्निमित्रा पाल से भी शामिल हुईं। सूत्रों के अनुसार, कैट प्रतिनिधियों ने राज्य के मौजूदा औद्योगिक परिदृश्य पर विस्तार से चर्चा की गई।बैठक में उद्योग एवं व्यापार जगत से जुड़े प्रतिनिधि ने राज्य में आर्थिक विकास को गति देने, नए निवेश आकर्षित करने तथा उद्योग-अनुकूल वातावरण को और मजबूत बनाने



के संबंध में अपने सुझाव मंत्री के समक्ष रखे। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में निवेश बढ़ाने और रोजगार के नए अवसर सृजित करने के लिए सरकार, उद्योग जगत और निवेशकों के बीच बेहतर समन्वय आवश्यक है। मंत्री अग्निमित्रा पाल ने प्रतिनिधि मंडल के सुझावों को ध्यानपूर्वक सुना और राज्य में व्यापार एवं उद्योग के विकास से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विचार-विमर्श किया। बैठक में पश्चिम बंगाल की दीर्घकालिक आर्थिक समृद्धि, औद्योगिक विस्तार तथा निवेशकों के लिए अनुकूल माहौल तैयार करने जैसे विषयों पर भी चर्चा हुई।

# आवारापन 2 का टीजर हुआ जारी

## इमरान हाशमी की गैंगस्टर शिवम के रूप में हुई वापसी





सीसीरियल किसर इमरान हाशमी स्टारर मोस्ट अवेटेड फिल्म आवारापन 2 का टीजर जारी हो गया है. टीजर में अभिनेता इमरान हाशमी अपने 19 साल पुराने उलझे हुए किरदार शिवम पंडित के रूप में वापसी कर रहे हैं. यह टीजर फैंस को सीक्वल में गैंगस्टर दुनिया की एक झलक दिखाता है, जो काफी जोखिम भरी और रोमांचक है. एक्स हैंडल पर आवारापन 2 के टीजर की जमकर तारीफ हो रही है और लोगों को 19 साल पुराना शिव पंडित का दौर याद आ गया है. फिल्म में दिशा पटानी और दिग्गज अदाकारा शबाना आजमी को दमदार खलनायिका नफीसा के रूप में दिखाया गया है, जो आंखों में कई रहस्य लिए नजर आती हैं. नितिन कक्कड़ के निर्देशन में बनी फिल्म के टीजर में एक्शन और इमोशनल सीन दिख रहे हैं. सीक्वल के टीजर ने साल 2007 में रिलीज हुई फिल्म के भावनात्मक मोड़ को पकड़े रखा है. बता दें, इस कल्ट हिट फिल्म की रिलीज के 19 साल पूरे होने के मौके पर जारी किए गए टीजर ने फैंस की एक्साइटमेंट को बढ़ा दिया है. टीजर की शुरुआत इमरान के किरदार शिवम के अपने अतीत की दर्दनाक यादों को याद करने से होती है. इसके बाद हमें एक दमदार स्ट्रीट फाइटर के रूप में उनकी हाथापाई और गैंगस्टरों से लड़ते हुए झलकियां देखने को मिलती हैं, जबकि शबाना का इंटेंस लुक नजर आता है. दिशा का रहस्यमयी किरदार वायलिन बजाते हुए दिखाया गया है. टीजर इमरान हाशमी के इस डायलॉग के साथ खत्म होता है, इस बार या तो ये आवारापन खत्म होगा या मैं. इमरान हाशमी की फिल्म आवारापन 2 का टीजर रिलीज होते ही सोशल मीडिया पर छा गया है. इमरान हाशमी इस बार शिवम पंडित के रोल में और भी ज्यादा जान डालते नजर आ रहे हैं. एक यूजर ने टीजर में इमरान हाशमी के एंट्री सीन पर लिखा है, अब तक सबसे धांसू एंट्री सीन. दूसरे यूजर ने टीजर का बैकग्राउंड म्यूजिक दमदार बताया है. एक और लिखता है, टीजर देखकर तो मेरे रोंगटे खड़े हो गए. सोशल मीडिया पर आवारापन 2 के टीजर की तारीफ की झड़ी लग चुकी है. फिल्म की कहानी बिलाल सिद्दीकी ने लिखी है. विशेष भट्ट की फिल्म एक दिल को छू लेने वाले संगीत के साथ लौट रही है, जिसमें मिथुन और सईद कादरी ने फैंस के पसंदीदा गानों तो फिर आओ और तेरा मेरा रिश्ता को नए अंदाज में पेश किया है. साथ ही कुछ नए गाने भी शामिल किए हैं. फिल्म की शूटिंग बैंकॉक के साथ-साथ भारत के कई हिस्सों में हुई है, जिसमें राजस्थान भी शामिल है. फिल्म 14 अगस्त, 2026 को वर्ल्डवाइड सिनेमाघरों में रिलीज होगी. इस दिन बॉक्स ऑफिस पर आवारापन 2 का मुकाबला सनी देओल-प्रीति जिंटा की फिल्म बंटवारा 1947 से होगा.



# विक्रांत मैसी लेकर आ रहे मुसाफिर कैफे, सीरीज की रिलीज तारीख का हुआ ऐलान

रा राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता अभिनेता विक्रांत मैसी ने अपने प्रोडक्शन हाउस 'होममेड स्टोरीज के नाम की आधिकारिक एलान कर अपने रचनात्मक सफर में एक नए अध्याय की शुरुआत की है. इसके साथ ही उन्होंने इस बैनर की पहली पेशकश 'मुसाफिर कैफे का टीजर भी जारी किया और यह घोषणा की कि यह रोमांटिक ड्रामा 24 जुलाई 2026 को ओटीटी प्लेटफॉर्म पर प्रीमियर होगा. इस एलान के साथ दर्शकों को पहली बार उन भावनात्मक और दिल को छू लेने वाली कहानियों की झलक मिली है, जिन्हें यह नया बैनर बड़े पर्दे और डिजिटल माध्यम पर लेकर आने का लक्ष्य रखता है. ऐसे समय में, जब भारतीय सिनेमा पर एक्शन, क्राइम थ्रिलर और भव्य मनोरंजक फिल्मों का दबदबा है, विक्रांत मैसी ने अलग राह चुनने का फैसला किया है. 'मुसाफिर कैफे के माध्यम से वह रोमांस और मानवीय भावनाओं को फिर से केंद्र में ला रहे हैं. यह फिल्म इस विश्वास को मजबूत करती है कि सादगी और ईमानदारी से कही गई कहानियां सबसे गहरी छाप छोड़ती हैं. विक्रांत मैसी ने अपने अभिनय करियर में हमेशा कंटेंट-आधारित फिल्मों को प्राथमिकता दी है और अपने दमदार अभिनय से दर्शकों और समीक्षकों का भरोसा जीता है. राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित उनका सफर सार्थक और संवेदनशील कहानियों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का प्रमाण है. ऐसे में निर्माता के रूप में उनका यह नया कदम पूरी तरह स्वाभाविक और प्रेरणादायक माना जा रहा है. 'मुसाफिर कैफे का शीर्षक अपने आप में अपनापन, यादों की गर्माहट और भावनाओं से भरे एक खूबसूरत सफर का एहसास कराता है, जो 'होममेड स्टोरीज की पहली पेशकश के लिए बिल्कुल उपयुक्त है. अपने नए प्रोडक्शन हाउस और इसकी पहली फिल्म के साथ विक्रांत मैसी न सिर्फ अपनी रचनात्मक सीमाओं का विस्तार कर रहे हैं, बल्कि संवेदनशील, दिल को छू लेने वाली कहानियों के लिए एक नई पहचान भी बना रहे हैं. ऐसे दौर में, जब बड़े पैमाने की कहानियां सिनेमा पर हावी हैं, रोमांस और भावनात्मक कहानी कहने के प्रति उनका यह समर्पण एक ताज़गीभरा और स्वागतयोग्य बदलाव साबित हो सकता है.

# वेलकम टू द जंगल की कमाई में गिरावट जारी

## 100 करोड़ कमाने से अब इतनी दूर, मा इंति बंगारम और मैं वापस आऊंगा की रफ्तार बरकरार

बॉबॉक्स ऑफिस पर इस सप्ताह कई फिल्मों के बीच दिलचस्प मुकाबला देखने को मिल रहा है। अक्षय कुमार की मल्टीस्टारर फिल्म वेलकम टू द जंगल (वेलकम 3) अब भी सबसे आगे बनी हुई है, हालांकि सातवें दिन इसकी कमाई में गिरावट दर्ज की गई। दूसरी ओर पंजाबी फिल्म कैरी ऑन जट्टा 4 की रफ्तार लगातार धीमी पड़ रही है। वहीं तेलुगु फिल्म मा इंति बंगारम और हिंदी फिल्म मैं वापस आऊंगा स्थिर प्रदर्शन करते हुए बॉक्स ऑफिस पर अच्छी कमाई कर रही हैं। अक्षय कुमार अभिनीत वेलकम टू द जंगल में सुनील शेट्टी, परेश रावल, अरशद वारसी, जैकी श्रॉफ, जॉनी लीवर, राजपाल यादव, दिशा पाटनी, जैकलीन फर्नांडीज, रवीना टंडन, लारा दत्ता और फरीदा जलाल जैसे कलाकार प्रमुख भूमिकाओं में हैं। फिल्म ने सिनेमाघरों में अपना पहला सप्ताह पूरा कर लिया है। सातवें दिन गुरुवार को इसकी कमाई में कुछ गिरावट देखने को मिली। सैकनिल्क की अर्ली ट्रेंड रिपोर्ट के अनुसार फिल्म ने गुरुवार को 5.25 करोड़ रुपये का कारोबार किया। इसके साथ ही फिल्म का सात दिनों का कुल भारतीय बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 92.90 करोड़ रुपये पहुंच गया है। गिप्पी ग्रेवाल और सरगुन मेहता स्टारर पंजाबी फिल्म कैरी ऑन जट्टा 4 की कमाई में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है। छठे दिन फिल्म ने 85 लाख रुपये कमाए थे, जबकि सातवें दिन इसका कारोबार घटकर 80 लाख रुपये रह गया। फिल्म की सात दिनों की कुल कमाई अब 12.25 करोड़ रुपये हो गई है। सामंथा रुथ प्रभु अभिनीत तेलुगु फिल्म मा इंति बंगारम बॉक्स ऑफिस पर लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रही है। फिल्म ने रिलीज के 14वें दिन यानी दूसरे गुरुवार को 1.15 करोड़ रुपये की कमाई की। बीवी नंदिनी रेड्डी के निर्देशन में बनी इस फिल्म का 14 दिनों का कुल भारतीय कलेक्शन 53.95 करोड़ रुपये हो गया है। इम्तियाज अली के निर्देशन में बनी मैं वापस आऊंगा भी दर्शकों का अच्छा समर्थन हासिल कर रही है। दिलजीत दोसांझ, शरवरी और वेदांग रैना अभिनीत इस फिल्म ने तीसरे गुरुवार को 1.30 करोड़ रुपये का कारोबार किया। हालांकि मूल जानकारी में दिन और कुल कलेक्शन के आंकड़ों में त्रुटि प्रतीत होती है, उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार फिल्म का कुल कलेक्शन 52.25 करोड़ रुपये बताया गया है।



# खुशाली कुमार की 'दुल्हनिया ले आएगी का फर्स्ट लुक आया सामने,

## 24 जुलाई को रिलीज होगी फिल्म





बॉबॉलीवुड एक्ट्रेस खुशाली कुमार इन दिनों अपनी नई फिल्म 'दुल्हनिया ले आएगी को लेकर खूब सुर्खियां बटोर रही हैं. हाल ही में फिल्म का पहला लुक सामने आया है, जिसे लोग काफी पसंद कर रहे हैं. खुशाली ने खुद बताया है कि इस फिल्म में उनका रोल कितना अलग और उनके दिल के करीब है. वहीं फिल्म के डायरेक्टर का भी कहना है कि इस बार दर्शकों को एक बिल्कुल अनोखी दुल्हन देखने को मिलने वाली है. खुशाली कुमार ने बताया कि जब उन्होंने इस फिल्म की कहानी सुनी, तो उन्हें तुरंत लगा कि यह रोल उन्हीं के लिए बना है. उन्होंने कहा, मेरा यह किरदार कोई आम या सीधी-सादी दुल्हन जैसा नहीं है. वह बहुत मजबूत लड़की है, जो अपने फैसले खुद लेती है. वह निडर है, दिल की साफ है और अपनी शर्तों पर जिंदगी जीती है. खुशाली का मानना है कि इस किरदार में कई रंग हैं, जो फिल्म आगे बढ़ने के साथ दर्शकों को धीरे-धीरे समझ आएंगे. फिल्म के डायरेक्टर आकाशदित्य लामा ने बताया कि 'दुल्हनिया ले आएगी एक ऐसी फिल्म है, जो आज के जमाने के परिवारों, रिश्तों और उनकी उलझनों को बड़े ही मजेदार और कॉमिक अंदाज में दिखाएगी. डायरेक्टर के मुताबिक, फिल्म की सबसे बड़ी यूएसपी इसकी दुल्हन ही है. उसमें गजब का कॉन्फिडेंस है, थोड़ी शरारत है और वह दर्शकों को बार-बार सरप्राइज करेगी. यह फिल्म हर उम्र के लोगों को पसंद आएगी क्योंकि इसमें हंसी भी है और इमोशन भी. फिल्म के पहले पोस्टर की बात करें तो उसमें खुशाली कुमार दुल्हन के जोड़े में नजर आ रही हैं. कमाल की बात यह है कि लहंगे के साथ उन्होंने आंखों पर काला चश्मा लगाया हुआ है. उनका यह कूल अंदाज साफ बताता है कि यह दुल्हन कितनी बिंदास और हटकर होने वाली है. अगर आप भी इस अनोखी दुल्हन की कहानी देखना चाहते हैं, तो ज्यादा इंतजार नहीं करना होगा. यह मजेदार फिल्म 24 जुलाई को आपके नजदीकी सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए पूरी तरह तैयार है.

# महिलाओं को नजरअंदाज नहीं करने चाहिए जोड़ों के दर्द से जुड़े

ये 5 चेतावनी भरे संकेत



जोजोड़ों से जुड़ी समस्याएं आजकल हर उम्र के लोगों में देखने को मिल रही हैं, खासकर महिलाओं में यह आम हो गई हैं। कई बार महिलाएं जोड़ों का दर्द जैसे संकेतों को नजरअंदाज कर देती हैं, जिससे स्थिति बिगड़ती है। इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे चेतावनी भरे संकेतों के बारे में बताएंगे, जिन्हें नजरअंदाज करना खतरनाक हो सकता है। इन संकेतों को पहचानकर आप समय पर इलाज करा सकती हैं और अपने स्वास्थ्य का ध्यान रख सकती हैं।

सुबह उठते ही जोड़ों में अकड़न होना

अगर आपको सुबह उठते ही अपने हाथों या पैरों में अकड़न महसूस होती है तो इसे नजरअंदाज न करें। यह गठिया या अन्य किसी गंभीर समस्या का संकेत हो सकता है। इस स्थिति में डॉक्टर से संपर्क करना जरूरी है, ताकि समय पर इलाज मिल सके। सुबह की अकड़न अक्सर उम्र बढ़ने, असंतुलित आहार और शारीरिक गतिविधियों की कमी के कारण होती है। सही समय पर पहचान और इलाज से आप इस समस्या से बच सकती हैं।

बैठते या उठते समय दर्द होना: बैठते या उठते समय अगर आपको दर्द होता है तो इसे हल्के में न लें। यह भी गठिया या अन्य किसी समस्या का संकेत हो सकता है। इस स्थिति में डॉक्टर से संपर्क करना जरूरी है, ताकि सही इलाज मिल सके। बैठते या उठते समय दर्द होना कई कारणों से हो सकता है, जैसे गलत तरीके से बैठना, शारीरिक गतिविधियों की कमी या चोट का सही इलाज न होना। सही समय पर इलाज से आप इससे बच सकती हैं।

चलने में दिक्कत होना: अगर आपको चलने में दिक्कत होती है तो इसे नजरअंदाज न करें। यह भी किसी गंभीर समस्या का संकेत हो सकता है। इस स्थिति में डॉक्टर से संपर्क करना जरूरी है, ताकि सही इलाज मिल सके। चलने में दिक्कत होना कई कारणों से हो सकता है, जैसे जोड़ों का कमजोर होना, पुराने चोट का सही इलाज न होना या शारीरिक गतिविधियों की कमी। सही समय पर पहचान और इलाज से आप इस समस्या से बच सकती हैं।

रात में सोते समय टांगों में दर्द होना: रात के समय सोते समय अगर आपकी टांगों में दर्द होता है तो इसे नजरअंदाज न करें। यह भी किसी गंभीर समस्या का संकेत हो सकता है। इस स्थिति में डॉक्टर से संपर्क करना जरूरी है, ताकि सही इलाज मिल सके। रात के समय सोते समय दर्द होना कई कारणों से हो सकता है, जैसे गलत गद्दे या तकिए का इस्तेमाल, पुराने चोट का सही इलाज न होना या शारीरिक गतिविधियों की कमी।

अचानक से वजन कम होना: अगर बिना किसी प्रयास के आपका वजन अचानक से कम हो रहा है तो इसे नजरअंदाज न करें। यह भी किसी गंभीर समस्या का संकेत हो सकता है। इस स्थिति में डॉक्टर से संपर्क करना जरूरी है, ताकि सही इलाज मिल सके। वजन कम होना कई कारणों से हो सकता है, जैसे असंतुलित आहार, तनाव या अन्य स्वास्थ्य समस्याएं। सही समय पर पहचान और इलाज से आप इस समस्या से बच सकती हैं।

# फिल्म में लीड हीरो नहीं बनने का कोई मलाल नहीं : अरशद वारसी



हाहाल ही में बॉलीवुड अभिनेता अरशद वारसी ने एक चौंकाने वाला खुलासा किया, जिसमें उन्होंने बताया कि साल 2013 की हिट फिल्म जॉली एलएलबी में मुख्य भूमिका निभाने के बाद, इसके सीक्वल जॉली एलएलबी 2 में अक्षय कुमार को स्टार बनाने के पीछे उनका ही हाथ था। अरशद वारसी ने अपने तीन दशक लंबे करियर में मुन्ना भाई सीरीज, सहर, इश्किया और जॉली एलएलबी जैसी फिल्मों से अपनी शानदार अभिनय क्षमता का लोहा मनवाया है। अरशद वारसी ने कहा कि उन्हें कभी इस बात का अफसोस नहीं हुआ कि वह हर फिल्म में लीड हीरो नहीं बने। उन्होंने बताया, जहां तक लीड रोल न करने की बात है, तो मेरे करियर के पहले दिन से ही मुझे इससे कोई फर्क नहीं पड़ा। मुझे बस अपना काम करना पसंद है। मुझे अच्छी स्क्रिप्ट और अच्छे रोल पसंद हैं। बस इतना ही अगर आप मेरे पूरे करियर का ग्राफ देखें, तो वह हमेशा ऐसा ही रहा है। उन्होंने आगे बताया कि अपने करियर में उन्होंने कई ऐसी फिल्मों को ठुकराया, जिनमें उन्हें सोलो हीरो बनने का मौका मिल रहा था, क्योंकि उनकी प्राथमिकता हमेशा से दमदार भूमिकाएं रही हैं। जॉली एलएलबी 2 को लेकर अरशद ने बड़ा खुलासा किया। उन्होंने बताया कि जब फिल्म के निर्माता-निर्देशक सुभाष कपूर इसके दूसरे भाग की तैयारी कर रहे थे और अक्षय कुमार इस रोल में दिलचस्पी दिखा रहे थे, तब उन्होंने खुद सुभाष कपूर को सलाह दी कि फिल्म अक्षय कुमार के साथ बनानी चाहिए। अरशद ने मेकर्स को समझाया और कहा, अगर मैं 500 लोगों को सिनेमाघर तक ला सकता हूं, तो अक्षय कुमार 5000 लोगों को लेकर आएंगे। उनकी मौजूदगी फिल्म के फ्रेम को और बड़ा बना देगी। उन्होंने गर्व से बताया कि वे उन लोगों में थे, जिन्होंने सुभाष कपूर को अक्षय कुमार के साथ फिल्म बनाने के लिए प्रेरित किया।

# Shri Krishna Janmabhoomi-Shahi Idgah dispute

## Hindu side attends Lok Adalat, proposes relocation of mosque

**NEW DELHI, Agency:** A special Lok Adalat was held in Mathura on Saturday as part of the Supreme Court's efforts to explore an amicable resolution in the Shri Krishna Janmabhoomi-Shahi Idgah Mosque dispute, with only the Hindu plaintiffs attending the conciliation proceedings.



The hearing was conducted before Additional District and Sessions Judge (ADJ-11) Surendra Prasad under the Supreme Court's "Samadhan Samaroh-2026" initiative and in accordance with directions issued by the Uttar Pradesh State Legal Services Authority. No representative from the Muslim side was present, according to the Hindu litigants.


The District Legal Services Authority said Lok Adalats are being organised across the state and district levels to examine the possibility of resolving pending disputes through mutual consent before a special Lok Adalat scheduled in the Supreme Court on August 21, 22 and 23.Advocate Mahendra Pratap Singh, one of the Hindu litigants, said both parties had been asked by the Supreme Court to appear before the Lok Adalat to explore the possibility of a settlement.

He said the Hindu plaintiffs presented their arguments for around 30 minutes, while no representative from the Muslim side attended the proceedings.

According to Singh, the Hindu side proposed that if the Muslim parties agreed to remove the structure from the disputed site and relinquish their claim, land at an alternative suitable location could be considered for constructing a mosque. He also argued that modern technology makes it possible to safely relocate structures.Singh said the Hindu side placed historical material before the bench in support of its claims and completed the required documentation during the proceedings. He added that if no settlement is reached at the Mathura level, the matter could be taken up during the special Lok Adalat in the Supreme Court on August 21, 22 or 23.

# Inquiry report against Justice Varma will be tabled this session: Om Birla;

**New Delhi, Agency:** Lok Sabha Speaker Om Birla said on Saturday that the report of the three-member committee that probed corruption charges against Justice Yashwant Varma will be tabled in Lok Sabha in the monsoon session beginning July 20, keeping open the possibility of Parliament taking up the motion for his removal despite his decision to resign.



On the sidelines of a programme where he addressed West Bengal MLAs, Birla said that it will be for House to decide the next course of action after the report, which was submitted to him by the committee headed by Justice Aravind Kumar of Supreme Court, is tabled. The report may be tabled on the first day of the session. He noted that members of different parties, belonging to the governing alliance as well as opposition, had signed the notice for Varma's removal.

Removal motion against Justice Varma in legal grey area after his resignation

The Allahabad high court justice, whose name continues to figure among serving judges on its portal despite his resignation, is facing allegations of financial irregularities after wads of destroyed currency notes were discovered at an outhouse of his New Delhi bungalow by emergency response officers following a fire incident in March last year.

Asked about the opinion that the motion, which is dictated by the Judges Inquiry Act, had turned infructuous after Varma's resignation, sources said it is legally a grey area with no conclusive view on it.

"The fact remains that his high court continues to name him among its serving judges," a source said, adding that despite his resignation, the inquiry committee had gone ahead with the task of completing its report and submitted its findings to Birla.

Varma was a judge at Delhi HC when the incident came to light, sparking calls for exemplary action against him. He was later repatriated to his parent Allahabad HC.

Lok Sabha MPs cutting across party lines, including Rahul Gandhi of Congress, and Ravi Shankar Prasad and Anurag Singh Thakur of BJP, were among over 146 signatories to the notice against him.

In his statements to the in-house probe committee set up by then CJI Sanjiv Khanna and later to the committee formed by Birla, Varma had protested his innocence and claimed ignorance of how the large amount of unaccounted money was found at his residence.

He submitted his resignation to President Droupadi Murmu in April this year.



# AAI withdraws Srinagar airport closure for repairs, Omar Abdullah thanks govt;

**SRINAGAR, Agency:** AAI on Saturday withdrew its proposed closure of Srinagar airport on Mondays-Tuesdays from July 1-Sept 30 and plans for a full closure from Oct 1-16. The closure was planned for "runway maintenance and other repairs" by IAF, which operates the airfield.

J&K CM Omar Abdulah expressed "gratitude to govt of India for its prompt and positive response to the concerns regarding the proposed runway closure".

The two-week shutdown was expected to impact the Union Territory's tourism sector as it coincides with the peak Durga puja holiday season, a period that typically sees a large influx of tourists, particularly from Bengal.

Omar had personally taken up the issue with Centre. "The decision ensures uninterrupted air connectivity to the region, preventing disruption to travel, tourism and economic activity," he said.

He reiterated that maintaining seamless air connectivity was vital for J&K's economy, particularly during the peak tourist season, and thanked Centre for responding promptly.

# 'Anti-national' school library book rocks J&K, 8 officials suspended:

**SRINAGAR/JAMMU, Agency:** A political storm erupted Saturday in J&K after it was found that a book for govt school libraries described the region as "India-occupied Kashmir" and "Indian-held Kashmir" and referred to banned JKLF founder Maqbool Bhat as "Shaheed".Opposition BJP demanded education minister Sakina Itoo's resignation, sought an immediate ban on the book and criminal action against those responsible, while lieutenant governor Manoj Sinha's administration suspended eight school education department officials, blacklisted authors and publishers, withdrew two books from govt school libraries and ordered a high-level inquiry.Assembly leader of opposition Sunil Sharma alleged "Personalities and Legends of J&K" - the book supplied to govt school libraries under the central scheme Samagra Shiksha - promoted an "anti-national" narrative. "The book should be banned immediately. Those responsible for approving, publishing and distributing it must be identified and held accountable," he said, demanding Itoo's dismissal and a probe covering officials, "including those at the ministerial level".

# PoK 'infiltrator' saved by love, sent back home

**SRINAGAR, Agency:** Romance bloomed across the LoC and drew Zeeshan Mir past the treacherous line, only for him to be caught until love finally saved the day.



The 22-year-old from Pakistan-occupied Kashmir (PoK) was repatriated home Saturday, over a month after he was intercepted crossing the LoC in north Kashmir's Uri, as authorities viewed his intrusion as the desperate attempt of a lover to meet his beloved rather than a case of a conventional infiltration.

The resident of PoK's Pankedi village was handed over to Pakistani defence forces at Uri's Kaman Crossing after all legal formalities that followed a "three-minute meeting" with Iram Bano, his lady love who lives in Tilawari village near the LoC.

The handover capped a heart-wrenching turn of events that began on May 31 when Mir was caught in Silikote area, followed by Iram's short detention to verify his version. Soon after, a video went viral purportedly showing the couple identifying themselves while responding to questions from an unseen person, believed to be a security official.While Iram was let off soon and spared a case, Mir was booked under several laws, including the Foreigners Act.

However, an Uri court later accepted J&K police's final report saying Mir had crossed over for Iram and closed the case, resulting in his acquittal.Police officials confirmed it was a case of love, with the two families on two sides of the border related and the couple communicating with each other through social media. Mir's family was originally from Uri but migrated to PoK decades ago, the officers added.Iram's family had kept in touch with Mir during the time legal proceedings were on and he was kept at Uri police station. "We got clothes and shoes for him," said Afroza Begam, Iram's mother.Saturday's meeting was fleeting, though. Afroza said they were allowed to see Mir only for three minutes before he was taken for repatriation.

# Jaishankar to visit six countries

## strengthen ties, launch UNSC campaign

**New Delhi, Agency:** External affairs minister S Jaishankar is set to embark on a six-nation visit from July 5 to 15, covering Qatar, Bahrain, Kuwait, Oman, the United States and Belgium.



Jaishankar will visit the four Gulf countries from July 5 to 10, where he is scheduled to meet his counterparts and leadership figures. According to the Ministry of External Affairs (MEA), the visit will focus on strengthening India's bilateral relations and exchanging views on regional developments and issues of mutual interest.

Following the Gulf tour, he will travel to New York on July 13 to launch India's official campaign for a non-permanent seat in the United Nations Security Council for the 2028-29 term.

He will then visit Brussels on July 14 and 15 to attend the third India-EU Trade and Technology Council meeting and hold discussions with counterparts from the European Union and Belgium.

The multi-nation tour reflects India's continued diplomatic engagement with key partners in the Gulf, Europe and the United States, while advancing its strategic and economic interests.

# Oz PM stresses trade, defence & tech ahead of talks with Modi;

**New Delhi, Agency:** Ahead of Prime Minister Narendra Modi's visit to Australia, his counterpart Antony Albanese has said he looks forward to strengthening the 'deep partnership' between the two countries.



A statement from the office of Albanese said "Our cooperation on trade, defence and security, and technology is delivering benefits for both countries". Modi will be in Australia from July 8-10 and will meet Albanese in Melbourne for the Australia-India Annual Leaders' Summit.

"The Australia-India relationship has never been more consequential, and our partnership fosters peace, stability and prosperity in the Indo-Pacific," Albanese said.

The relationship between the two countries is underpinned by a "comprehensive strategic partnership" and supported by deep economic and cultural connections. Modi and Albanese last met on the margins of the G20 Summit in Johannesburg in November 2025.

Meanwhile, defence cooperation between the two countries has emerged as one of the fastest-growing pillars of the partnership.

Defence Minister Rajnath Singh visited Australia in October 2025. The first visit of an Indian Defence Minister to Australia in 12 years was important due to a number of strategically important outcomes such as signing of landmark agreements and MoUs, institution of an annual Defence Ministers Dialogue, and conduct of the first ever India-Australia Defence Industry Round Table at Sydney.The 2nd Defence Ministers' Dialogue was held in new Delhi in June when Australia's Deputy Prime Minister and Defence Minister Richard Marles visited India.

# India's passport ranking slips, remains outside top 100: Which nations are in top 10?

**NEW DELHI, Agency:** India has slipped to 125th in the Global Passport Index 2026, remaining outside the top 100 despite a marginal improvement last year. After climbing to 124th in 2025 from 127th between 2021 and 2023, the country has once again lost ground and now offers visa-free access to just 26 destinations.The Indian passport ranks below Namibia and behind countries such as the Philippines, Morocco and Uzbekistan, while staying ahead of Azerbaijan and Kyrgyzstan.Indian passport holders can travel visa-free or obtain a visa on arrival in destinations including Bhutan, Nepal, Jamaica, Macau, Palestine, Tunisia, Angola and Barbados. However, they still require a visa to enter around 88 countries, including the United States, the United Kingdom, Germany, France, China and the United Arab Emirates.Among India's neighbours, China is the highest-ranked at 104th, ahead of India at 125th.



# Five semiconductor plants to be operational by end of 2026, says Vaishnaw

**New Delhi, Agency:** India is set to achieve a significant milestone in its semiconductor journey, with five semiconductor manufacturing plants expected to be operational by the end of 2026, Union Minister for Electronics and Information Technology Ashwini Vaishnaw has said.



The minister said that of the 12 semiconductor projects approved by the Central Government, three are already in commercial production, while two more plants are scheduled to be inaugurated in the coming months. By the end of 2026, five semiconductor plants are expected to be operational across the country, marking a major expansion of India's domestic chip manufacturing capacity.The CG Semi Outsourced Semiconductor Assembly and Test (OSAT) facility in Sanand, Gujarat, commenced commercial production, becoming the country's third semiconductor plant to do so this year. The facility was inaugurated by Prime Minister Narendra Modi on Saturday. Vaishnaw described the plant as not just a technical achievement but also a symbol of social change. Young women from Jharkhand, Chhattisgarh, Madhya Pradesh, Bihar, Jammu & Kashmir, Kerala, and Gujarat are finding employment as operators at the facility, having travelled to Malaysia for specialized training. He added that as India's own semiconductor ecosystem matures, similar world-class training could increasingly be made available within the country itself.Vaishnaw said chips manufactured at the facility will serve automobiles, scooters, and industrial equipment domestically, while also being exported to Japan, the United States, and Europe, positioning India as a meaningful contributor to the global semiconductor supply chain.He further stated that India's electronics manufacturing sector has grown into an industry worth close to ?13 lakh crore, supporting over 25 lakh jobs, progress he said would establish India as a global technology power.